अरुणोदय काल में उठकर हाथ मुह धोकर मौन हो कर अपामार्ग की दातून से मुख प्रक्षालन करना चाहिए । तदनन्तर नदी आदि के जल में स्नान

दन्तान् धावेदपामार्गसमिधामौनसेविनी ।
नद्यादिसलिले स्नात्वा धारयेद्रक्तवाससी ॥ ५४ ॥
नैवेद्यकुसुमालेपान्रक्तान्सम्पाद्य संयता ।
विधिज्ञं विप्रमाहूय भौममर्चेत्तदाज्ञया ॥ ५५ ॥
रक्तगोगोमयालिप्ते देशे पीठनिषेविणी ।
मङ्गलादीनि नामानि स्वप्रतीकेषु विन्यसेत् ॥ ५६ ॥
मङ्गलं विन्यसेदंघ्र्योर्भूमिपुत्रं तु जानुनोः ।
ऊर्व्वोश्च ऋणहर्तारं कटिदेशे धनप्रदम् ॥ ५७ ॥
स्थिरासनं गुह्यदेशे महाकायमथोरसि ।
वामबाहौ ततो न्यस्येत्सर्वकर्मावरोधकम् ॥ ५८ ॥
लोहितं दक्षिणे बाहौ लोहिताक्षं गले न्यसेत् ।
वदने विन्यसेत्साध्वीं सामगानां कृपाकरम् ॥ ५९ ॥
धरात्मजं नसोरक्ष्णोः कुजं भौमं ललाटतः ।
भूतिदं तु भ्रूवोर्मध्ये मस्तके भूमिनन्दनम् ॥ ६० ॥
अङ्गारकं शिखादेशे सर्वाङ्गे विन्यसेद्यमम् ।
ततो बाहुद्वये न्यस्येत्सर्वरोगापहारकम् ॥ ६१ ॥

स्वप्रतीकेषु निजाङ्गेषु ॥ ५५–५६ ॥ न्यासमेवाह । **मङ्गलमिति** । ॐ मङ्गलाय नमः पादयोः इत्यादि० ॥ ५७–६८ ॥

कर दो रक्त वस्त्र, एक पहनने के लिए दूसरा उत्तरीय के लिए धारण करना चाहिए । तदनन्तर लाल पुष्प, लाल नैवेद्य, लाल आलेपनादि एकत्रित कर विधिवेत्ता ब्राह्मण बुला कर उसकी आज्ञा से मङ्गल देवता की अर्चना करनी चाहिए ॥ ५३-५५ ॥

लाल वर्ण वाली गौ के गोबर से लिपे पुते शुचि स्थान पर लाल रङ्ग के आसन पर बैठकर अपने शरीर पर मङ्गल आदि नामों का न्यास (द्र० १५. ५१) इस प्रकार करना चाहिए । दोनो पैरों में मङ्गल का, दोनो जानु में भूमिपुत्र का, दोनों ऊरु प्रदेश में ऋणहर्ता का, कटि में धनप्रद का, स्थिरासन का गुह्यप्रदेश में तथा महाकाय का हृद्देश में न्यास करना चाहिए ॥ ५६-५८ ॥

तदनन्तर सर्वकर्मावरोधक का बायें हाथ में, लोहित का दाहिने हाथ में, लोहिताक्ष का कण्ठ में न्यास करना चाहिए । फिर साध्वी स्त्री को मुख में सामगानकृपाकर का, नासिका में धरात्मज का, नेत्रों में कुज का, ललाट में भौम का, भ्रूमध्य में भूतिदायक का, मस्तक में भूमिनन्दन का, शिखाप्रदेश में अङ्गारक का, तदनन्तर सर्वाङ्ग में यम का न्यास करना चाहिए । फिर दोनों हाथों में

मूर्द्धादिपादपर्यन्तं वृष्टिकर्तारमङ्गके।
विन्यसेद्वृष्टिहर्तारं मूर्धान्तं चरणादितः ॥ ६२ ॥
दिक्षु प्रविन्यसेदन्त्यं सर्वकामफलप्रदम्।
आरं वक्रं भूमिजं च नाभौ वक्षसि मूर्द्धनि ॥ ६३ ॥
एवं न्यस्तशरीरोसौ ध्यायेद्धरणिनन्दनम्।
अर्घं संस्थाप्य विधिवत्पूजयेदुपचारकैः ॥ ६४ ॥
एकविंशतिकोष्ठाढ्ये त्रिकोणे ताम्रपात्रगे।
आवाह्य धरणीपुत्रं शोणैः पुष्पैश्च चन्दनैः ॥ ६५ ॥
अङ्गानि पूजयेत्प्राग्वदेकविंशतिकोष्ठके।
मङ्गलादींस्त्रिकोणेषु वक्रमारं च भूमिजम् ॥ ६६ ॥

सर्वरोगापहारक का, शिर से पैर तक वृष्टिकर्ता का, पैरों से शिर तक वृष्टिहर्ता का तथा दिशाओं में २१ वें सर्वकामफलप्रद का न्यास करना चाहिए । फिर आर का नाभि स्थान में, वक्र का वक्षःस्थल में तथा भूमिज का मूर्द्धा में न्यास करना चाहिए ॥ ५६-६३ ॥

विमर्श - न्यास विधिः -
ॐ भूमिपुत्राय नमः, जानुनोः,
ॐ धनप्रदाय नमः, कटिप्रदेशे,
ॐ महाकायाय नमः, उरसि,
ॐ लोहिताय नमः, दक्षिणबाहौ,
ॐ सामगानां कृपाकराय नमः, गुह्ये,
ॐ कुजाय नमः, नेत्रोः,
ॐ भूतिदाय नमः, भ्रूमध्ये,
ॐ अङ्गारकाय नमः, शिखाप्रदेशे,
ॐ सर्वरोगापहारकाय नमः, हस्तद्वये,
ॐ वृष्टिहर्त्रे नमः, पाददिमूर्धान्तम्,
ततश्च ॐ आराय नमः, नाभौ,
ॐ भूमिजाय नमः, मूर्ध्नि ॥ ५६-६३ ॥
ॐ मङ्गलाय नमः, पादयोः,
ॐ ऋणहर्त्रे नमः,
ॐ स्थिरासनाय नमः, गुह्ये,
ॐ सर्वकामावरोधकाय नमः वामबाहौ,
ॐ लोहिताक्षाय नमः, कण्ठेः,
ॐ धरात्मजाय नमः, नसोः,
ॐ भौमाय नमः, ललाटे,
ॐ भूमिनन्दाय नमः, मस्तके,
ॐ यमाय नमः, सर्वाङ्गे,
ॐ वृष्टिकर्त्रे नमः, मूर्धादिपादान्तम्,
ॐ सर्वकामफलप्रदाय नमः, दिक्षु,
ॐ वक्राय नमः, वक्षःस्थले,

अब **पूजा विधि** कहते हैं - इस प्रकार नाम मन्त्रों का शरीर पर न्यास कर साध्वी मङ्गल का ध्यान करे, तथा अर्घ्य स्थापित कर विविध उपचारों से उनका पूजन भी करे । उसकी **विधि** इस प्रकार है - २१ कोष्टात्मक त्रिकोण युक्त ताम्रपात्र पर लाल पुष्पों से मङ्गल देव का आवाहन करे । लाल पुष्प एवं रक्त चन्दनादि से प्रथम उनके अक्षरों को पूजन करे । फिर २१ कोष्टकों में मङ्गल के २१ नामों का, फिर त्रिकोण में वक्र, आर और भूमिज का पूजन

ब्राह्म्याद्यामातृकाबाह्ये शक्रादीनायुधान्यपि।
धूपदीपौ विधायाथ गोधूमान्नं निवेदयेत्॥ ६७॥
जलपूर्णे ताम्रपत्रे गन्धपुष्पाक्षतान्विते।
फलं निधाय मन्त्राभ्यां भौमायार्घ्यं निवेदयेत्॥ ६८॥
भूमिपुत्रमहातेजः स्वेदोद्भवपिनाकिनः।
सुतार्थिनी प्रपन्ना त्वां गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते॥ ६९॥
रक्तप्रवालसंकाश जपाकुसुमसन्निभ।
महीसुत महाबाहो गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते॥ ७०॥
एकविंशतिकृत्वोऽथ प्रणमेत्पूर्वनामभिः।
प्रदक्षिणा विधातव्यास्तावत्यो वसुधात्मजे॥ ७१॥
खदिराङ्गारकेनाथ कुर्याद्रेखात्रिकं समम्।
वामपादेन मन्त्राभ्यामेताभ्यां तत्प्रमार्जयेत्॥ ७२॥

रेखामार्जनमन्त्रकथनम्

दुःखदौर्भाग्यनाशाय पुत्रसन्तानहेतवे।
कृतरेखात्रयं वामपादेनैतत्प्रमार्ज्म्यहम्॥ ७३॥

अर्घ्यमन्त्रमाह – भूमिपुत्रेति॥ ६९–७०॥ पूर्वनामभिर्मङ्गलाद्यैः॥ ७१–७२॥

करना चाहिए। त्रिकोण के बाहर ब्राह्मी आदि मातृकाओं का, इन्द्रादि दश दिक्पालों का, फिर उनके वज्रादि आयुधों का धूप, दीपादि तथा गोधूम निर्मित वस्तुओं का नैवेद्य निवेदित कर पूजा करनी चाहिए॥ ६४-६७॥

इस प्रकार पूजनोपरान्त भूमिपुत्र को इस प्रकार अर्घ्य दान देवे। ताम्र पात्र में जल भर कर उसमें गन्ध, पुष्प और अक्षत तथा फल डालकर -

'भूमिपुत्र महातेजः स्वेदोद्भवपिनाकिनः।
सुतार्थिनी प्रपन्ना त्वां गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते॥'
'रक्तप्रवालसंकाश जपाकुसुमसन्निभ।
महीसुत महाबाहो गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते॥'

इन दो मन्त्रों से मङ्गल को अर्घ्य निवेदित करे॥ ६८-७०॥

इस प्रकार अर्घ्यदान दे कर पूर्वोक्त (द्र० १५. ५६-६२) २१ नामों में चतुर्थ्यन्त विभक्ति तथा अन्त में 'नमः' लगाकर २१ बार उन्हे प्रणाम कर उतनी ही प्रदक्षिणा करनी चाहिए॥ ७१॥

फिर खैर की लकड़ी के अङ्गारे से तीन रेखायें समान रूप में खींचनी चाहिए। और उसे -

ऋणदुःखविनाशाय मनोऽभीष्टार्थसिद्धये ।
मार्जयाम्यसितारेखास्तिस्रो जन्मत्रयोद्भवाः ॥ ७४ ॥
ततः पुष्पाञ्जलिकरा स्तुवीत धरणीसुतम् ।
ध्यायन्ती चरणाम्भोजं पूजासाङ्गत्वसिद्धये ॥ ७५ ॥

स्तुतिकथनम्

धरणीगर्भसम्भूतं विद्युत्तेजः समप्रभम् ।
कुमारं शक्तिहस्तं च मङ्गलं प्रणमाम्यहम् ॥ ७६ ॥
ऋणहर्त्रे नमस्तुभ्यं दुःखदारिद्र्यनाशिने ।
नभसि द्योतमानाय सर्वकल्याणकारिणे ॥ ७७ ॥
देवदानवगन्धर्वयक्षराक्षसपन्नगाः ।
सुखं यान्ति यतस्तस्मै नमो धरणिसूनवे ॥ ७८ ॥
यो वक्रगतिमापन्नो नृणां दुःखं प्रयच्छति ।
पूजितः सुखसौभाग्यं तस्मै क्ष्मासूनवे नमः ॥ ७९ ॥

रेखामार्जनमन्त्रमाह – **दुःखेति** ॥ ७३–७५ ॥ स्तुतिमाह – **धरणीति** ॥ ७६ ॥ * ॥ ७७–८१ ॥

'दुःखदौर्भाग्यनाशाय पुत्रसन्तानहेतवे ।
कृतं रेखात्रयं वामपादेनैतत् प्रमार्ज्म्यहम् ॥
ऋणदुःखविनाशाय मनोऽभीष्टार्थसिद्धये ।
मार्जयाम्यसितारेखास्तिस्रो जन्मत्रयोद्भवाः ॥'

इन दो मन्त्रों को पढ़कर बायें पैर से मिटा देना चाहिए ॥ ७२-७४ ॥

तदनन्तर वह साध्वी स्त्री हाथों में पुष्पाञ्जलि लेकर पूजा की साङ्गतासिद्धि के लिए मङ्गल के चरणों का ध्यान कर 'धरणीगर्भसंभूतं' से 'धनं यशः' पर्यन्त ५ श्लोकों से प्रार्थना करे ॥ ७५ ॥

भूमि के गर्भ से उत्पन्न - बिजली के तेज के समान जगमगाते सदैव कुमारावस्था में रहने वाले, शक्ति धारण करने वाले मङ्गल को मैं प्रणाम करती हूँ ॥ ७६ ॥

ऋण को नष्ट करने वाले प्रभो! आप को नमस्कार हैं । दुःख एवं दारिद्र्य के नाशक आकाश में देदीप्यमान सबका कल्याण करने वाले आप मङ्गल को नमस्कार हैं ॥ ७७ ॥

जिनकी कृपा प्राप्त कर देव, दानव, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस एवं नाग सुखी हो जाते हैं उन भूमिपुत्र को हमारा नमस्कार है ॥ ७८ ॥

प्रसादं कुरु मे नाथ मङ्गलप्रदमङ्गल ।
मेषवाहनरुद्रात्मन् पुत्रान्देहि धनं यशः ॥ ८० ॥
एवं संस्तूय सम्पूज्य गृह्णीयाद्ब्राह्मणाशिषः ।
गुरवे दक्षिणां दत्त्वा भुञ्जीतान्नं निवेदितम् ॥ ८१ ॥
प्रति भौमदिने कुर्यादेवं सम्वत्सरावधि ।
तिलैस्संजुहुयाद्धोमं शतार्द्धं भोजयेद्द्विजान् ॥ ८२ ॥
माहेयमूर्तिंसौवर्णीमाचार्याय निवेदयेत् ।
मण्डलस्थो घटेभ्यर्च्य सुतसौभाग्यसिद्धये ॥ ८३ ॥
एवं व्रतपरा नारी प्राप्नुयात्सुभगान् सुतान् ।
धनाप्त्यै ऋणनाशाय व्रतं कुर्यात्पुमानपि ॥ ८४ ॥
अग्निर्मूर्द्धत्यपि मनुं वैदिकं ब्राह्मणो जपेत् ।
तथाङ्गारकगायत्रीं सर्वाभीष्टस्य सिद्धये ॥ ८५ ॥

उद्यापनमाह – तिलैरिति ॥ ८२ ॥ मण्डलस्थ इति । सर्वतोभद्रमण्डले कुम्भं संस्थाप्य तत्र भौममूर्तिंसौवर्णी मङ्गलप्रतिमां संपूज्याचार्याय दद्यात् ॥ ८३–८७ ॥

जो वक्रगति होने पर समस्त जनों को दुःख प्रदान करते है तथा पूजित होने पर सुख सौभाग्य प्रदान करते हैं उन धरापुत्र को नमस्कार है ॥ ७९ ॥

हे मङ्गलप्रद मङ्गल, हे नाथ, हे रुद्रात्मन्, हे मेष वाहन, मुझ पर प्रसन्न होइये तथा पुत्र, धन, एवं यश प्रदान कीजिये ॥ ८० ॥

इस प्रकार मङ्गल की पूजा तथा प्रार्थना करने के बाद ब्राह्मणं का आशीर्वाद ग्रहण करना चाहिए । इसके बाद गुरु को दक्षिणा देकर भोग लगाये गये नैवेद्य का स्वयं भक्षण करना चाहिए ॥ ८१ ॥

इस व्रत को निरन्तर एक वर्ष पर्यन्त प्रति मङ्गलवार को अनुष्ठित करना चाहिए । उसके बाद तिलों से होम करना चाहिए तथा ५० ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए । गोलाकार चौके पर सुत एवं सौभाग्यादि प्राप्ति के लिए कलश स्थापित कर उस पर सुवर्णमयी ताम्र प्रतिमा का पूजन कर आचार्य को दान करना चाहिए । ऐसा करने से व्रत परायणा साध्वी स्त्री सौभाग्यशाली पुत्रों को प्राप्त करती है । धन प्राप्ति एवं ऋण के अपाकरण के लिए पुरुषों को भी यह व्रत करना चाहिए ॥ ८२-८४ ॥

अब **मङ्गल का वैदिक मन्त्र एवं उनकी गायत्री** कहते हैं -

ब्राह्मण को मङ्गल ग्रह की शान्ति के लिए 'अग्निर्मूर्धादिवः' इस मन्त्र का जप करना चाहिए तथा समस्त अभीष्ट सिद्धि हेतु अङ्गारक गायत्री का जप करना चाहिए ॥ ८५ ॥

अङ्गारकगायत्रीकथनम्

अङ्गारकायशब्दान्तो[1] विद्महेपदमुच्चरेत् ।
शक्तिहस्ताय च पदं धीमहीति ततो वदेत् ॥ ८६ ॥
तन्नो भौमः प्रचोवर्णान्दयादिति च कीर्तयेत् ।
एषाङ्गारकगायत्री जप्ताभीष्टप्रदायिनी ॥ ८७ ॥
माहेयोपासनं प्रोक्तं गुरुमन्त्र उदीर्यते ।

गुरुमन्त्रस्तद्विधिकथनं च

खड्गीशौ भारभूतिस्थौ तत्राद्यः क्रूरसंयुतः ॥ ८८ ॥
नभो भृगुर्लोहितस्थो हरिर्वायुर्भगान्वितः ।
हृदयान्तोऽष्टवर्णोऽयं मनुर्ब्रह्मामुनिः स्मृतः ॥ ८९ ॥
छन्दोनुष्टुप्सुराचार्यो देवताबीजमादिमम् ।
वराभ्यां दीर्घयुक्ताभ्यां षडङ्गानि प्रकल्पयेत् ॥ ९० ॥

गुरुमन्त्रमाह – **खड्गीशाविति** । खड्गीशौ द्वौ बकारौ भारभूतिस्थौ ऋवर्णस्थौ । तयोराद्यः क्रूरेण विन्दुनायुतः ॥ ८८ ॥ नभो हः । लोहितस्थो भृगुः पकारस्थः सकारः स्प । हरिस्तकारः भगान्वितो वायुः एयुतो यः ये । हृदयं नमः । यथा – बं बृहस्पतये नमः इति ॥ ८९ ॥ आदिमं बृमिति बीजम् । षडङ्गमाह – वराभ्यामिति । ब्रां हृत् ब्रीं शिर इत्यादि० ॥ ९० ॥

'अङ्गारकाय' इस पद के बाद 'विद्महे', फिर 'शक्तिहस्ताय' बोलकर 'धीमहि' बोलना चाहिए । फिर 'तन्नो भौमः प्रचोदयात्' यह बोलना चाहिए । यह अङ्गारक गायत्री जप करने पर अभीष्ट फल देती है ॥ ८६-८७ ॥

विमर्श - वैदिक मन्त्र - ॐ अग्निर्मूर्द्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्यामयम् अपां रेतांसि जिन्वति । **गायत्री** - ॐ अङ्गारकाय विद्महे शक्तिहस्ताय धीमहि । तन्नो भौमः प्रचोदयात् ॥ ८६-८७ ॥

यहाँ तक हमने मङ्गल ग्रह की उपासना कही । अब **गुरु (बृहस्पति) मन्त्र** का उद्धार कहता हूँ -

भारभूतिस्थ दो ऋकार वर्ण से युक्त खड्गीशौ, दो वकार जिसमें प्रथम क्रूर से युक्त अर्थात् बृं बृ, इसके बाद नभ (ह), फिर लोहतस्थ भृगु पकार से युक्त सकार (स्प), फिर हरि (त), भगान्वित वायु (ये) और अन्त में हृदय लगाने से ८ अक्षरों का गुरु मन्त्र बनता है ।

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप निम्न है - बृं बृहस्पतये नमः ॥ ८८-८९ ॥

---

१. अङ्गारकाय विद्महे शक्तिहस्ताय धीमहि । तन्नो भौमः प्रचोदयात् ।

रत्नाष्टापदवस्त्रराशिममलं दक्षात्किरन्त–
करादासीनं विपणौ करनिदधतं रत्नादिराशौपरम् ।
पीतालेपनपुष्पवस्त्रमखिलालंकारसम्भूषितं
विद्यासागरपारगं सुरगुरुं वन्दे सुवर्णप्रभम् ॥ ६१ ॥
जपित्वाशीतिसाहस्त्रं हुत्वान्नेन घृतेन वा ।
धर्माधर्मादिपीठे तं पूजयेदङ्गदिग्भवैः ॥ ६२ ॥

ध्यानमाह – रत्नेति । दक्षहस्ताद्रत्नहेमवस्त्रराशीन्निक्षिपन्तम् । वामकर रत्नादिसमूहे आरोपयन्तम् ॥ ६१ ॥ धर्माधर्मादिपीठे इति । पीठशक्तयो भवन्तीत्यर्थः ॥ ६२–६४ ॥

इस मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं, अनुष्टुप् छन्द है तथा सुराचार्य बृहस्पति देवता हैं । आद्य बृं बीज है । षड् दीर्घ युक्त वकार रकार से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ६० ॥

विनियोग – अस्य श्रीबृहस्पतिमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिरनुष्टुप्छन्दः सुराचार्यो बृहस्पतिर्देवता बृं बीजमात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

न्यास - व्रां हृदयाय नमः व्रीं शिरसे स्वाहा, व्रूं शिखायै वषट्
व्रैं कवचाय हुम्, व्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, व्रः अस्त्राय फट् ॥ ६० ॥

अब **बृहस्पति का ध्यान** कहते हैं - अपने दाहिने हाथ से रत्न, सुवर्ण तथा वस्त्रों की राशि देते हुये तथा बायें हाथ को रत्नादि राशियों पर रखते हुये, बाजार में आसीन, पीले वस्त्र तथा पीला आलेपन लगाये हुये, पीत पुष्प एवं पीत आभूषणों से अलंकृत, विद्यारूपी सागर के पारगामी विद्वान् और सुवर्ण की तरह देदीप्यमान् देवगुरु की मैं वन्दना करता हूँ ॥ ६१ ॥

उक्त मन्त्र का ८० हजार जप करे । फिर उसका दशांश अन्न अथवा घी से होम करे । धर्म और अधर्मादि शक्तियों वाले पीठ पर अङ्ग एवं दिक्पालों के साथ उनका पूजन करे ॥ ६२ ॥

विमर्श - पूजा विधि - (१५. ६१) श्लोक में वर्णित गुरु के स्वरूप का ध्यान कर मानसोपचार से उनका पूजन कर अर्घ्य स्थापित करे । सामान्य पूजा पद्धति के अनुसार 'आधारशक्तये नमः' इत्यादि मन्त्रों से पीठ देवताओं का पूजन करे । फिर धर्मादि पीठ शक्तियों का इस प्रकार पूजन करे - यथा

ॐ धर्माय नमः, ॐ ज्ञानाय नमः, ॐ वैराग्याय नमः,
ॐ ऐश्वर्याय नमः, ॐ अधर्माय नमः, ॐ अज्ञानाय नमः,
ॐ अवैराग्याय नमः, ॐ अनैश्वर्याय नमः ।

फिर पीठ मन्त्र से आसन देकर पीठ पर आवाहनादि उपचारों से पञ्च पुष्पाञ्जलि समर्पण पर्यन्त बृहस्पति की पूजा कर आवरण पूजा करनी चाहिए ।

सिद्धे मनौ प्रकुर्वीत प्रयोगानिष्टसिद्धये।
हरिद्राकुंकुमैर्हुत्वा घृताक्तैर्दिवसत्रयम् ॥ ६३ ॥
स विंशतिशतं मन्त्री वासांसि लभते मणीन्।
शत्रुरोगादिपीडासु स्वजने कलहोद्भवे ॥ ६४ ॥
जुहुयात्पिप्पलोत्थाभिः समिद्भिस्तन्निवृत्तये।

शुक्रमन्त्रस्तद्विधिश्च

तारो वस्त्रं भगीसूर्यो देहि शुक्राय ठद्वयम् ॥ ६५ ॥
एकादशाक्षरो मन्त्रो हेमवस्त्रप्रदायकः।
ब्रह्मामुनिर्विराट्छन्दो देवतादैत्यपूजितः ॥ ६६ ॥
बीजं तारोग्निभार्या तु शक्तिरस्य प्रकीर्तिता।
एकद्विचन्द्रनेत्राग्निनेत्रवर्णैः षडङ्गकम्।
मन्त्रवर्णैस्तु कृत्वाथ ध्यायेद्विद्यानिधिं सितम् ॥ ६७ ॥

शुक्रमन्त्रमाह – **तार इति** ।तार ॐ। वस्त्रस्वरूपम् । भगी सूर्यः एयुतो मः मे । देहि शुक्राय स्वरूपम् । ठद्वयं स्वाहा ॥ ६४–६७ ॥

प्रथम आग्नेयादि कोणों में मध्य में, तथा चारों दिशाओं में षडङ्ग मन्त्रों से षडङ्गपूजा करनी चाहिए । यथा -

व्रां हृदयाय नमः, व्रीं शिरसे स्वाहा, व्रूं शिखायै वषट्,
व्रैं कवचाय हुम्, व्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, व्रः अस्त्राय फट्

इसके बाद पूर्ववत् दिक्पालों का एवं उनके आयुधों का पूजन कर पुनः धूप दीपादि उपचारों से बृहस्पति की विधिवत् पूजा करनी चाहिए ॥ ६२ ॥

इस प्रकार मन्त्र सिद्ध कर लेने पर अभीष्टसिद्धि हेतु काम्य प्रयोग करना चाहिए । घी मिश्रित हल्दी एवं कुंकुम से निरन्तर ३ दिन पर्यन्त १२० की संख्या में आहुतियाँ देने से साधक मणियों और वस्त्रों को प्राप्त करता है ॥ ६३-६४ ॥

शत्रु तथा रोग जन्य पीड़ा होने पर अथवा स्वजनों में कलह होने पर उसकी निवृत्ति के लिए पीपल की समिधाओं से होम करना चाहिए ॥ ६४-६५ ॥

अब **शुक्र मन्त्र का उद्धार** कहते हैं - तार (ॐ), फिर 'वस्त्रं पद', फिर भगी सूर्य (ए से युक्त म) अर्थात् 'मे' के बाद 'देहि शुक्राय' पद, फिर ठ द्वय (स्वाहा) लगाने से ११ अक्षरों का सुवर्ण एवं वस्त्रदायक शुक्र मन्त्र निष्पन्न हो जाता है ॥ ६५-६६ ॥

विमर्श - इस मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ वस्त्रं मे देहि शुक्राय स्वाहा' ॥ ६५-६६ ॥

इस मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं । विराट् छन्द है । दैत्य पूजित शुक्र देवता है ।

श्वेताम्भोजनिषण्णमापणतटे श्वेताम्बरालेपनं
नित्यं भक्तजनाय सम्प्रददतं वासोमणीन्हाटकम्।
वामेनैवकरेण दक्षिणकरे व्याख्यानमुद्रांङ्कितं
शुक्रं दैत्यवरार्चितं स्मितमुखं वन्देसिताङ्गप्रभम् ॥ ९८ ॥
अयुतं प्रजपेन्मन्त्रं दशांशं जुहुयाद् घृतैः।
यजेद्धर्मादिपीठे तं नगेन्द्रादितदायुधैः ॥ ९९ ॥
सुगन्धैः श्वेतकुसुमैर्जुहुयाच्छुक्रवासरे।
एकविंशतिवारं यो लभतेसोंशुकं मणीन् ॥ १०० ॥

ध्यानमाह – **श्वेताम्भोजेति** । आपणतटे श्वेतपद्मस्थितम् ॥ ९८–१०० ॥

प्रणव बीज तथा स्वाहा शक्ति कही गई है । मन्त्र के १, २, १, २, ३, और २ अक्षरों से षडङ्गन्यास कर विद्या निधान शुक्र का ध्यान करना चाहिए ॥ ९६-९७ ॥

विमर्श - **विनियोग** - अस्य श्रीशुक्रमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिर्विराट्छन्दः दैत्यपूजित शुक्रो देवता ॐ बीजं स्वाहाशक्तिरात्मनोऽभीष्टसिद्धयर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ हृदयाय नमः, वस्त्रं शिरसे स्वाहा,
मे शिखायै वषट् देहि कवचाय हुम् शुक्राय नेत्रत्रयाय वौषट्
स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ ९६-९७ ॥

अब **शुक्र का ध्यान** कहते हैं - बाजार के किसी एक स्थान (दुकान) में सफेद वर्ण के कमल पर बैठे हुये, श्वेत वस्त्र एवं श्वेत चन्दन से अलंकृत, अपने बायें हाथ से भक्त जनों को वस्त्र, मणि तथा सुवर्ण देते हुये तथा दाहिने हाथ में व्याख्यान मुद्रा धारण किए, दैत्यराज से पूजित प्रसन्न, मुख तथा श्वेत कान्ति वाले शुक्र की मैं वन्दना करता हूँ ॥ ९८ ॥

इस मन्त्र का दश हजार जप करना चाहिए । फिर घी से उसका दशांश होम करना चाहिए तथा धर्मादि शक्तियों वाले पीठ पर अङ्गपूजा, दिक्पाल पूजा एवं उनके आयुधों की पूजा कर शुक्र का पूजन करना चाहिए ॥ ९९ ॥

विमर्श - आवरण पूजा विधान - श्लोक १५. ९८ में वर्णित शुक्र के स्वरूप का ध्यान कर मानसोपचार से पूजन कर अर्घ्यपात्र स्थापित करे । फिर १५. ९२ के विमर्श में कही गई रीति से पीठ देवताओं एवं धर्मादि शक्तियों का पूजन कर पीठ मन्त्र से आसन देकर उस पर ध्यान आवाहन से पुष्पाञ्जलि प्रदान पर्यन्त शुक्र का पूजन कर आवरण पूजा करनी चाहिए ।

सर्वप्रथम षडङ्गन्यास मन्त्रों से अङ्गपूजा, फिर दिशाओं में इन्द्रादि दश दिक्पालों की तथा उनके आयुधों का पूजन करे । फिर शुक्र का विधिवत् पूजन करे ॥ ९९॥

काम्य प्रयोग - सुगन्धित श्वेत पुष्पों से जो व्यक्ति २१ शुक्रवारों को हवन करता है वह अवश्य ही वस्त्र एवं मणियों को प्राप्त करता है ॥ १०० ॥

मृत्युञ्जयपुटितेन सहितः व्यासमन्त्रः

बालः पवनदीर्घेन्दुयुक्तो झिण्टीशयुग्जलम् ।
अत्रिर्व्यासायहृदयं मनुरष्टाक्षरो मतः ॥ १०१ ॥
ब्रह्मानुष्टुम्मुनिश्छन्दो देवः सत्यवतीसुतः ।
आद्य बीजं नमः शक्तिर्दीर्घाढ्येनादिनाङ्गकम् ॥ १०२ ॥
व्याख्यामुद्रिकयालसत्करतलं सद्योगपीठस्थितं
वामे जानुतले दधानमपरं हस्तं सुविद्यानिधिम् ।
विप्रव्रातवृतं प्रसन्नमनसं पाथोरुहाङ्गद्युतिं
पाराशर्यमतीवपुण्यचरितं व्यासं स्मरेत्सिद्धये ॥ १०३ ॥
जपेदष्टसहस्राणि पायसैर्होममाचरेत् ।
पूर्वोक्तपीठे व्यासस्य पूर्वमङ्गानि पूजयेत् ॥ १०४ ॥

व्यासमन्त्रमाह - **बाल** इति । बालो वः पवनदीर्घेन्दुयुतः यकाराकारबिन्दुयुतः व्याम् । जलं झिटीशयुग् वकारएकारयुतः वे । अत्रिर्दः । व्यासाय स्वरूपम् । हृदयं नमः । यथा - व्यां वेदव्यासाय नम इति ॥ १०१-१०२ ॥ विप्रव्रातवृतं ब्राह्मणसमूहपरिवेष्टितम् । पाथोरुहाङ्गद्युतिं नीलेन्दीवरकान्तिम् ॥ १०३ ॥ पूर्वोक्तपीठे धर्मादिके ॥ १०४ ॥ * ॥ १०५-१०७ ॥

अब **व्यास मन्त्र का** उद्धार कहते हैं - बाल (व), दीर्घेन्दुयुत् पवन (यां) अर्थात् (व्यां), फिर झिण्टीश (ए) सहित जल (व) अर्थात् (वे), फिर अत्रि (द), फिर 'व्यासाय' पद, उसमें हृदय (नमः) जोड़ने से ८ अक्षरों का व्यास मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १०१ ॥

विमर्श - इस मन्त्र का स्वरूप निम्न है - व्यां वेदव्यासाय नमः ॥ १०१ ॥

इस व्यास मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं, अनुष्टुप् छन्द है, सत्यवती सुत व्यास देवता हैं, व्यां बीज तथा नमः शक्ति है । षड्दीर्घ सहित आद्य बीज से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ १०२ ॥

विमर्श - विनियोग - अस्य श्रीव्यासमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिरनुष्टुपूछन्दः सत्यवतीसुतो देवता व्यां बीजं नमः शक्तिरात्मनोऽभीष्टसिद्धयर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - व्यां हृदयाय नमः, व्यीं शिरसे स्वाहा, व्यूं शिखायै वषट्
व्यैं कवचाय हुम्, व्यौं नेत्रत्रयाय वौषट् व्यः अस्त्राय फट् ॥ १०२॥

अब **व्यास देव का ध्यान** कहते हैं - व्याख्यान मुद्रा से जिनके करतल सुशोभित हैं, जो मनोहर योगपीठ पर आसीन हैं, वाम जानु पर अपना दूसरा हाथ रखे हुये जो विद्यानिधान विप्रसमुदायों से परिवेष्टित हैं, जिनका मुख मण्डल प्रसन्न है एवं जिनके शरीर की कान्ति नील वर्ण की है, ऐसे पुण्यात्मा पुण्य चरित्र पराशर के

प्राच्यादिषु यजेत्पैलं वैशम्पायनजैमिनी।
सुमन्तुं कोणभागेषु श्रीशुकं रोमहर्षणम् ॥ १०५ ॥
उग्रश्रवसमन्यांश्च मुनीन् सेन्द्रादिकायुधान्।
एवं सिद्धमनुर्मन्त्री कवित्वं शोभनाः प्रजाः ॥ १०६ ॥
व्याख्यानशक्तिं कीर्तिं च लभते सम्पदां चयम्।
मृत्युञ्जयेन पुटितं यो व्यासस्य मनुं जपेत् ॥ १०७ ॥

पुत्र भगवान् व्यास का सिद्धि प्राप्ति हेतु स्मरण करना चाहिए ॥ १०३ ॥

इस मन्त्र का आठ हजार जप करना चाहिए । तदनन्तर खीर से उसका दशांश होम करना चाहिए ।

व्यासपूजनयन्त्रम्



पूर्वोक्त पीठ पर प्रथम व्यास के षडङ्गों की पूजा करनी चाहिए । फिर पूर्वादि दिशाओं में पैल, वैशम्पायन, जैमिनि और सुमन्तु का तथा कोणों में श्रीशुक, रोमहर्षण, उग्रश्रवस् और अन्य मुनीन्द्रों का, पुनः इन्द्रादि दश दिक्पालों का तथा उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करना चाहिए ॥ १०४-१०६ ॥

इस प्रकार मन्त्र सिद्ध हो जाने पर साधक को सुन्दर कवित्व शक्ति, उत्तम सन्तान, व्याख्यान-शक्ति, कीर्ति एवं सम्पत्ति का खजाना प्राप्त होता हैं ॥ १०६-१०७ ॥

विमर्श - पूजा विधि - सर्वप्रथम वृत्ताकार कर्णिका, अष्टदल तथा भूपुर सहित मन्त्र का निर्माण करना चाहिए । उसी पर भगवान् वेदव्यास का इस प्रकार पूजन करना चाहिए ।

१५. १०३ में वर्णित व्यास के स्वरूप का ध्यान कर मानसोपचारों से उनका पूजन कर अर्घ्य स्थापित करे । फिर १५. ६२ में कही गई विधि से पीठ देवताओं का, तदनन्तर धर्मादिकों का पूजन कर पीठ मन्त्र से यन्त्र पर आसन देकर, मूल मन्त्र से उस पर मूर्ति की कल्पना कर ध्यान, आवाहन से पुष्पाञ्जलि समर्पण पर्यन्त उपचारों से भगवान् व्यास का पूजन कर आवरण पूजन की आज्ञा ले इस प्रकार आवरण पूजा प्रारम्भ करे ।

कर्णिका के आग्नेयादि कोणों में मध्य में तथा चतुर्दिक्षु षडङ्गपूजा इस प्रकार करनी चाहिए । यथा -

सर्वोपद्रवसंत्यक्तो लभते वाञ्छितं फलम् ।
तारः शूलीवामकर्णबिन्दुयुक्तः ससर्गसः ॥ १०८ ॥

मृत्युञ्जयमन्त्रमाह – तार इति । तार ॐ । वामकर्णबिन्दुयुतः ऊबिन्दुयुतः शूली जः जूम् । ससर्गः सः सः ॥ १०८ ॥

व्यां हृदयाय नमः आग्नेये, व्यीं शिरसे स्वाहा, नैर्ऋत्ये,
व्यूं शिखायै वषट्, वायव्ये, व्यैं कवचाय हुम्, ऐशान्यै,
व्यौं नेत्रत्रयाय वौषट्, मध्ये, व्यः अस्त्राय फट् चतुर्दिक्षु ।

इसके बाद पूर्वादि चारों दिशाओं में पैल आदि की निम्नलिखित मन्त्रों से पूजन करनी चाहिए । यथा – ॐ पैलाय नमः पूर्वे, ॐ वैशम्पायनाय नमः दक्षिणे,
ॐ जैमिन्यै नमः पश्चिमे, ॐ सुमन्तवे नमः दक्षिणे,

इसके बाद आग्नेयादि चारों कोणों में श्रीशुकादि की पूजा करे । यथा –
ॐ श्रीशुकाय नमः, आग्नेये, ॐ श्रीरोमहर्षणाय नमः, नैर्ऋत्ये,
ॐ उग्रश्रवसे नमः, वायव्ये, ॐ अन्यमुनीन्द्रेभ्यो नमः, ऐशान्ये

इसके बाद भूपुर में इन्द्रादि दश दिक्पालों की । यथा –
ॐ लं इन्द्राय नमः, पूर्वे, ॐ रं अग्नये नमः, आग्नेये,
ॐ मं यमाय नमः, दक्षिणे, ॐ क्षं निर्ऋतये नमः, नैर्ऋत्ये,
ॐ वं वरुणाय नमः, पश्चिमे ॐ यं वायवे नमः, वायव्ये
ॐ सं सोमाय नमः, उत्तरे ॐ हं ईशानाय नमः, ऐशान्ये,
ॐ आं ब्रह्मणे नमः पूर्वेशानयोर्मध्ये,
ॐ ह्रीं अनन्ताय नमः निर्ऋतिपश्चिमयोर्मध्ये

फिर भूपुर के बाहर पूर्वादि दिशाओं के क्रम से वज्रादि आयुधों की निम्नलिखित मन्त्रों से पूजा करनी चाहिए – ॐ वं वज्राय नमः,
ॐ शं शक्तये नमः, ॐ दं दण्डाय नमः, ॐ खं खड्गाय नमः,
ॐ पां पाशाय नमः, ॐ अं अंकुशाय नमः ॐ गं गदायै नमः,
ॐ शूं शूलाय नमः, ॐ पं पद्माय नमः, ॐ चं चक्राय नमः,

इस प्रकार आवरण पूजा कर धूप दीपादि उपचारों से विधिवत् भगवान् वेदव्यास की पूजा करनी चाहिए ॥ १०४-१०७ ॥

अब **मृत्युञ्जय संपुटित व्यास मन्त्र की महिमा** कहते हैं –

जो व्यक्ति मृत्युञ्जय मन्त्र से संपुटित व्यास मन्त्र का जप करता है वह सभी उपद्रवों से मुक्त होकर वाञ्छित फल प्राप्त करता है ॥ १०७-१०८ ॥

विमर्श – मृत्युञ्जय पुटित व्यास मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है – ॐ जूं सः व्यां वेदव्यासाय नमः सः जूं ॐ ॥ १०७-१०८ ॥

मृत्युञ्जयस्य मन्त्रोऽयं त्रिवर्णो मृत्युनाशनः।
जप्तोऽयं केवलो नृणामिष्टसिद्धिं प्रयच्छति।
किंपुनस्तेन पुटितो[1] वेदव्यासमनूत्तमः ॥ १०६ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ सूर्य्यादि-
लघुमृत्युञ्जयव्यासमन्त्रनिरूपणं नाम
पञ्चदशस्तरङ्गः ॥ १५ ॥

केवलोऽप्ययं जप्तो नृणां मृत्युनाशनः । किंपुनस्तत्पुटितः । व्यासमन्त्रः। अस्य मन्त्रस्य कहोलऋषिः दैवीगायत्रीच्छन्दः मृत्युञ्जयो देवता जूं बीजं सः शक्तिः । दीर्घाढ्य सकारेण षडङ्गम् ॥ १०६ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां
सूर्य्यादिलघुमृत्युञ्जयव्यासमन्त्र निरूपणं
नाम पञ्चदशस्तरङ्गः ॥ १५ ॥

मृत्युञ्जय मन्त्र का उद्धार - तार (ॐ), वामकर्ण (ऊकार) एवं बिन्दु अनुस्वार सहितः शूली (ज), इस प्रकार (जूं), इसके आगे विसर्ग सहित सकार (सः), यह तीन अक्षर का मृत्युनाशक मृत्युञ्जय मन्त्र है ॥ १०८-१०९॥

केवल इसका ही जप करने से मनुष्य इष्ट सिद्धि प्राप्त कर लेता है, फिर इससे संपुटित व्यास मन्त्र का जप किया जाय तो इसके फल के विषय में क्या कहना है ? ॥ १०९ ॥

विमर्श - मृत्युञ्जय मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ जूं सः॥ १०६ ॥

विनियोग - अस्य श्रीमृत्युञ्जयमन्त्रस्य कहोलऋषिर्दैवीगायत्रीच्छन्दः मृत्युञ्जयो देवता जूं बीजं सः शक्तिरात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - सां हृदयाय नमः सीं शिरसे स्वाहा सूं शिखायै वषट्
सैं कवचाय हुम् सौं नेत्रत्रयाय वौषट् सः अस्त्राय फट्

---

१. ॐ जूं सः व्यां वेदव्यासाय नमः सः जूं ॐ ।

ध्यान - चन्द्रार्काग्निविलोचनं स्मितमुखं पद्मद्वयान्तःस्थितं
मुद्रापाशमृगाक्षसूत्रविलसत् पाणिं हिमांशुप्रभम् ।
किरीटेन्दुगलत्सुधाप्लुततनुं हारादि भूषोज्ज्वलं
कान्त्या विश्वविमोहनं पशुपतिं मृत्युञ्जयं भावयेत् ॥

जिनके सूर्य, चन्द्र और अग्नि स्वरूप तीन नेत्र हैं, जिनका मुखमण्डल स्मित से युक्त है, जिनके शिरोभाग दो कमलों के मध्य स्थित हैं अर्थात् एक ऊर्ध्वमुख एवं उसके ऊपर विद्यमान दूसरा कमल अधोमुख रूप से विद्यमान हैं । जिन्होंने अपने हाथों में मुद्रा, पाश, मृग, अक्षमाला धारण किया है, जिनके शरीर की कान्ति चन्द्रमा के समान उज्ज्वल है, जिनका शरीर किरीट में जटित चन्द्र मण्डल से चूते हुए अमृतकणों से आप्लावित है और हारादि नाना प्रकार के भूषणों से उज्ज्वल है - ऐसे महामृत्युञ्जय पशुपति का ध्यान करना चाहिए जो अपनी कान्ति से विश्व को मोहित कर रहे हैं ॥ १०८-१०६ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के पञ्चदश तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १५ ॥

अथ षोडशः तरङ्गः

महामृत्युञ्जयमन्त्रः

सञ्जीविनीविद्या

महामृत्युञ्जयं वक्ष्ये दुरितापन्निवारणम्।
यं प्राप्य भार्गवः शम्भोर्मृतान् दैत्यानजीवयत् ॥ १ ॥
तारः खं व्यापिनीचन्द्रयुक्तारश्चतुराननः।
अर्घीशबिन्दुसंयुक्तो हंसः सर्गी च भूर्भुवः ॥ २ ॥
सकारो बालसर्गाढ्यस्त्र्यम्बकं वैदिको मनुः।
भूर्भुवः स्वर्भुजङ्गेशस्तारी जूंसर्गवान् भृगुः ॥ ३ ॥

* नौका *

महामृत्युञ्जयमन्त्रमाह – तार इति । तारः ॐ । आं व्यापिनी चन्द्रयुक् औ बिन्दुयुतं खं हः हौं । तार ॐ । अर्घीशबिन्दुयुक्तश्चतुराननः ऊबिन्दुयुतो जः जूं । सर्गी हंसः सः । भूर्भुवः स्वरूपम् ॥ २ ॥ सकारो बाल विसर्गाढ्यो व विसर्गयुतः सकारः स्वः । त्र्यम्बकं वैदिको मन्त्रः यथा –

त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्द्धनम् ।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॥ इति ।

भूर्भुवः स्वरूपम् । तारयुतो भुजङ्गेशो रः रौं । जूं स्वरूपम् । सर्गवान् भृगुः सः ॥ ३ ॥

* अरित्र *

अब पाप तथा विपत्तियों को दूर करने वाले महामृत्युञ्जय मन्त्र को कहता हूँ, जिसे शुक्राचार्य ने भगवान् शंकर से प्राप्त कर मरे हुये दैत्यों को जिलाया था ॥ १ ॥

महामृत्युञ्जय मन्त्र का उद्धार - तार (ॐ), व्यापिनी चन्द्र युक्त (औ), बिन्दु सहित खं (ह), अर्थात् (हौं), फिर तार (ॐ), फिर अर्घीश (ऊकार), बिन्दु (अनुस्वार) से युक्त चतुरानन 'ज' अर्थात् (जूं), सर्गी हंसः (सः) इसके बाद 'भूर्भुवः', फिर बाल (व), विसर्ग युक्त सकार अर्थात् (स्वः), फिर 'त्र्यम्बकं यजामहे०' यह वैदिक मन्त्र, फिर 'भूर्भुवः स्वः', तारयुक्त भुजङ्गेश रौं जूं,

आकाशो मनुबिन्द्वाढ्यः प्रणवान्तो मनूत्तमः।
महामृत्युञ्जयाख्योऽयं पञ्चाशद्वर्णनिर्मितः ॥ ४ ॥
वामदेवकहोलाख्यवसिष्ठा मुनयोऽस्य तु।
छन्दांस्युक्तानि रुद्रेण पंक्तिगायत्र्यनुष्टुभः ॥ ५ ॥
सदाशिवमहामृत्युञ्जयरुद्रोऽस्य देवता।
मायाशक्ती रमाबीजं विनियोगोऽर्थसिद्धये ॥ ६ ॥
मूर्ध्नि वक्त्रे हृदि शिवे पदो मुन्यादिकान्न्यसेत्।

मुनिन्यासवर्णादिन्यासविधिकथनम्

त्रिचतुर्वसुनन्देषु गुणवर्णाननुष्टुभः ॥ ७ ॥

मनुर्बिन्द्वाढ्यः आकाशः और्बिन्दुयुतो हः हौं । प्रणवान्तश्चायं मन्त्रः । यथा – ॐ हौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्द्धनम् । उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् भूर्भुवः स्वरों जूं सः हौं ॐ इतिपञ्चाशदर्णः ॥ ४–५ ॥ माया ह्रीं । रमा श्रीं ॥ ६ ॥ मुन्यादिका– नृष्यादीन् मूर्धादिषु न्यसेत् । शिवलिङ्गे । षडङ्गन्यासमाह – त्रिचतुरिति । चतुर्भिः अनुष्टुभः त्र्यम्बकमन्त्रस्य आदि वर्णान् । मूलादिनववर्णाद्यान् मूल– मन्त्रस्यादौ येन वर्णास्ताराद्यास्तान् । ॐ नमो भगवते रुद्रायेति मदान्वितान् तथा शूलपाणये इत्यादि प्रातिस्विकाङ्गमन्त्रयुतानुक्त्वा षडङ्गं कुर्यादित्यर्थः ।

फिर सर्गवान् भृगु (सः) मनु और बिन्दु सहित आकाश (ह) अर्थात् हौं, पुनः प्रणव जोड़ने से पचास अक्षरों का महामृत्युञ्जय संज्ञक श्रेष्ठतम मन्त्र बनता है ॥ २-४ ॥

विमर्श - महामृत्युञ्जय मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ हौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् । उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् भूर्भुवः स्वरों जूं सः हौं ॐ (५०) ॥ २-४ ॥

इस मन्त्र के वामदेव, कहोल एवं वशिष्ठ ऋषि हैं, भगवान् रुद्र ने इस मन्त्र का पंक्ति, गायत्री और अनुष्टुप् छन्द कहा है । सदाशिव महामृत्युञ्जय रुद्र इसके देवता हैं । माया (ह्रीं) शक्ति है, रमा (श्रीं) बीज है । अभीष्ट सिद्धि हेतु इसका विनियोग किया जाता है ॥ ५-६ ॥

विनियोग - अस्य श्रीमहामृत्युञ्जयमन्त्रस्य वामदेवकहोलवशिष्ठा ऋषयः पंक्तिर्गायत्र्यनुष्टुप्छन्दांसि सदाशिवमहामृत्युञ्जयरुद्रो देवता ह्रीं शक्तिः श्रीं बीजमात्मनोऽभीष्टसिद्धयर्थे जपे विनियोगः ।

ऋष्यादिन्यास - शिर, मुख, हृदय, लिङ्ग, एवं पैरों पर ऋष्यादिन्यास करना चाहिए ॥ ७ ॥

तारो नमो भगवते रुद्रायेति पदान्वितान्।
मूलादिनववर्णाद्यानुक्त्वा कुर्यात् षडङ्गकम्॥ ८॥
शूलान्ते पाणये स्वाहा हृन्मन्त्रान्ते नियोजयेत्।
अमृतान्ते मूर्त्तये मां जीवयेति शिरोन्तिमम्॥ ६॥
शिखान्ते चन्द्रशिरसे जटिने वह्निवल्लभा।
त्रिपुरान्तकाय हां ह्रीं कवचान्ते मनुस्मृतः॥ १०॥
प्रवदेत्त्रिपदस्यान्ते लोचनाय पदं पुनः।
ऋग्यजुःसाममन्त्राय वर्णान्नेत्रमनोः पठेत्॥ ११॥
अग्नित्रयाय ज्वल च ज्वल मां रक्ष रक्ष च।
अघोरास्त्राय मन्त्रोऽयमस्त्रमन्त्रस्ततः स्मृतः॥ १२॥

यथा – ॐ हौं ॐ जूं सः भुर्भुवः स्वः त्र्यम्बकं ॐ नमो भगवते रुद्राय शूलपाणये स्वाहा हृत् । ॐ यजामहे, ॐ अमृतमूर्तये मां जीवय, शिरः ॥ ७–६ ॥ ॐ सुगन्धिं पुष्टिवर्धनं, ॐ चन्द्रशिरसे जटिने स्वाहा, शिखा । ॐ उर्वारुकमिव बन्धनात्, ॐ त्रिपुरान्तकाय हां ह्रीं, कवचम् ॥ १० ॥ ॐ हौं मृत्योर्मुक्षीय, ॐ नमों त्रिलोचनाय ऋग्यजुः साममन्त्राय, नेत्रम् ॥ ११ ॥ ॐ हौं मामृतात्, ॐ नमो० अग्नित्रयाय ज्वल ज्वल, मां रक्ष, ॐ अघोरास्त्राय, अस्त्रम् ॥ १२ ॥

विमर्श – **यथा** – वामदेवकहोलवशिष्ठऋषिभ्यो नमः शिरसि,
पंक्तिर्गायत्र्यनुष्टुप्छन्दोभ्यः नमः मुखे,
सदाशिवमहामृत्युञ्जयरुद्राख्यदेवतायै नमः हृदि,
ह्रीं शक्तये नमः लिङ्गे, श्रीं बीजाय नमः पादयोः ॥ ७ ॥

अब **षडङ्गन्यास** कहते है – अनुष्टुप् छन्द के ३, ४, ८, ६, ५, तथा ३ वर्णों से षडङ्गन्यास करना चाहिए । उसकी **विधि** इस प्रकार है – प्रारम्भ में मूलमन्त्र के ९ अक्षरों के बाद त्र्यम्बकादि अक्षर लगाकर, फिर तार (ॐ), फिर 'नमो भगवते रुद्राय' पद, फिर क्रमशः 'शूलपाणये स्वाहा' पद से हृदय में, फिर 'अमृतमूर्तये मां जीवय' से शिर में, फिर 'चन्द्रशिरसे जटिने स्वाहा' से शिखा में, फिर 'त्रिपुरान्तकाय हां ह्रीं' से कवच में, फिर 'त्रिलोचनाय ऋग्यजुःसाममन्त्राय' से नेत्र में, फिर 'अग्नित्रयाय ज्वल ज्वल मां रक्ष रक्ष ॐ अघोरास्त्राय' से अस्त्र में लगाकर न्यास करे ॥ ७-१२ ॥

विमर्श – यथा – १. ॐ हौ ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः त्र्यम्बकं ॐ नमो भगवते रुद्राय शूलपाणये स्वाहा हृदयाय नमः, २. ॐ हौं ॐ जूँ सः भूर्भुवः स्वः यजामहे ॐ नमो भगवते रुद्राय अमृतमूर्तये मां जीवय शिरसे स्वाहा, ३. ॐ हौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् ॐ नमो भगवते रुद्राय चन्द्रशिरसे जटिने स्वाहा शिखायै वषट्,

द्वात्रिंशत् त्र्यम्बकाद्यर्णान्नमोन्ताम्बिन्दुसंयुतान्।
तारादिनववर्णाद्यानङ्गेष्वेषु प्रविन्यसेत्॥ १३॥
पूर्वपश्चिमयाम्योदङ्मुखेषूरसि कण्ठतः।
वदने नाभिहृत्पृष्ठे कुक्षौ लिङ्गे गुदे न्यसेत्॥ १४॥
ऊरुमूलोरुमध्ये च जानुनोर्जानुवृत्तयोः।
स्तनयोः पार्श्वयोरंघ्र्योः करयोर्नसिमूर्द्धनि॥ १५॥

वर्णन्यासमाह – **द्वात्रिंशदिति** । प्रणवादि नववर्णाद्यान् सबिन्दून्नमोन्तांस्त्र्यमित्यादि द्वात्रिंशद् वर्णान् पूर्ववक्त्रादिष्वङ्गेषु न्यसेत्, ॐ हौ ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः त्र्यं नमः पूर्ववक्त्रादि०, ॐ हौं ... बं नमः पश्चिमवक्त्रे इत्यादि प्रयोगः॥ १३॥ अङ्गान्याह – **पूर्वेति** । पूर्ववक्त्रादिष्वेकैकं वर्णं न्यसेत्॥ १४॥ ऊरुमूलोरुमध्यचानुवृत्तस्तनपार्श्वकरनसि द्वौ द्वौ । मूर्धयेकैकम्॥ १५॥

---

४. ॐ हौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः उर्वारुकमिव बन्धनात् ॐ नमो भगवते रुद्राय त्रिपुरान्तकाय हां ह्रीं कवचाय हुम्, ५. ॐ हौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः मृत्योर्मुक्षीय ॐ नमो भगवते रुद्राय त्रिलोचनाय ऋग्यजुः साममन्त्राय नेत्रत्रयाय वौषट्, ६. ॐ हौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः मामृतात् ॐ नमो भगवते रुद्राय अग्नित्रयाय ज्वल ज्वल मां रक्ष रक्ष ॐ अघोरास्त्राय अस्त्राय फट्॥ ७-१२॥

अब उक्त मन्त्र का **वर्णन्यास** कहते है - प्रारम्भ में मूल मन्त्र के ९ वर्ण लगाकर फिर त्र्यम्बकादि ३२ अक्षरों के एक एक वर्ण पर बिन्दु तथा अन्त में नमः लगाकर पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, उत्तर पूर्वक मुख में, फिर उरःस्थल, कण्ठ, मुख, नाभि, हृदय, पीठ, कुक्षि, लिङ्ग और गुदा में न्यास करना चाहिए । फिर दोनो ऊरुओं के मूल और मध्य में, दोनों जानुओं में एवं दोनों जानुवृत्त में, स्तनों में, पार्श्वों में, पैरो में, हाथों में, नासिका, रन्ध्रों में तथा शिर इन ३२ स्थानों में इस प्रकार न्यास करना चाहिए॥ १३-१५॥

विमर्श - वर्णन्यास की विधि -

(१) ॐ हौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः त्र्यं नमः पूर्वमुखे,
(२) ॐ हौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः बं नमः पश्चिममुखे,
(३) ॐ हौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः कं नमः दक्षिणमुखे,
(४) ॐ हौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः यं नमः उत्तरमुखे,
(५) ॐ हौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः जां नमः उरसि,
(६) ॐ हौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः मं नमः कण्ठे,
(७) ॐ हौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः हें नमः मुखे,
(८) ॐ हौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः सुं नमः नाभौ,

अथैकादशविन्यस्येत्पदानि शिरसि भ्रुवोः ।
नेत्रयोर्वदने गण्डे हृदये जठरे शिवे ॥ १६ ॥
ऊर्वोर्जानुप्रदेशे च पादयोः क्रमशः पुनः ।
त्रिवेदगुणबाणाब्धिद्विरामाक्षिगुणेन्दुभिः ॥ १७ ॥

पदन्यासमाह – अथैकेति । शिवलिङ्गे ॥ १६ ॥ पदेषु वर्णसंख्यामाह – त्रिवेदेति । त्र्यम्बकं शिरसि इत्यादि० ॥ १७–१८ ॥

---

(९) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः गं नमः हृदि,
(१०) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः धिं नमः पृष्ठे,
(११) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः पुं नमः कुक्षौ,
(१२) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः ष्टिं नमः लिङ्गे,
(१३) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः वं नमः गुदे,
(१४) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः र्धं नमः दक्षिणोरुमूले,
(१५) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः नं नमः वामोरुमूले,
(१६) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः ॐ नमः दक्षिणोरुमध्ये,
(१७) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः र्वां नमः वामोरुमध्ये,
(१८) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः सं नमः दक्षिणजानुनि,
(१९) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः कं नमः वामजानुनि,
(२०) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः मिं नमः दक्षिणजानुवृत्ते,
(२१) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः वं नमः वामजानुवृत्ते,
(२२) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः बं नमः दक्षिणस्तने,
(२३) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः न्धं नमः वामस्तने,
(२४) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः नां नमः दक्षिणपार्श्वे,
(२५) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः मृं नमः वामपार्श्वे,
(२६) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः त्यों नमः दक्षिणपादे,
(२७) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः मुं नमः वामपादे,
(२८) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः क्षीं नमः दक्षिणकरे,
(२९) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः यं नमः वामकरे,
(३०) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः मां नमः दक्षिणनासापुटे,
(३१) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः मृं नमः वामनासापुटे,
(३२) ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः तां नमः मूर्ध्नि ॥ १३-१५ ॥

तदनन्तर ग्यारह पदों का शिर, भौंह, नेत्र, मुख, गण्डस्थल, हृदय, उदर, लिङ्ग, ऊरु, जानु और दोनों पैरों में न्यास करना चाहिए । 'त्र्यम्बकं यजामहे' इत्यादि मन्त्र के ३, ४, ३, ५, ४, २, ३, २, ३, १, और ३ वर्णों से विद्वान्

त्रिभिर्वर्णैश्च विज्ञेया पदसंख्याक्रमाद् बुधैः।
मूलेन व्यापकं कृत्वा ततो ध्यायेत् त्रिलोचनम्॥ १८॥

त्रिलोचनध्यानवर्णनम्

हस्ताम्भोजयुगस्थकुम्भयुगलादुद्धृत्य तोयं शिरः
सिञ्चन्तं करयोर्युगेन दधतं स्वांके सकुम्भौ करौ।
अक्षस्रङ्मृगहस्तमम्बुजगतं मूर्द्धस्थचन्द्रस्रवत्
पीयूषोऽत्रतनुं भजे सगिरिजं मृत्युञ्जयं त्र्यम्बकम्॥ १९॥

ध्यानमाह – **हस्तेति** । अष्ट हस्त विनियोगमाह – अंकस्थकरयो. कुम्भौ दधतं तदूर्ध्वस्थकरयोः कुम्भाभ्यां जलमुद्धृत्य करद्वयेन स्व शिरोभि सिञ्चतकरयोर्मृगाक्षमाले च दधतमिति । मूर्ध्नि स्थितो यश्चन्द्रस्तः स्त्रवतामृतेनोत्क्लिन्ना तनुर्यस्य । उन्दी क्लेदने इत्यस्य निष्ठायामुन्नेति रूपम् । सगिरिजं भवानीयुतम् । त्रीण्यम्बकानि नेत्राणि यस्य तम्॥ १९॥ मुद्रा आह – **मुष्टीति** ।

मुष्टिं दक्षिणहस्तेन विधायोर्ध्वं समुन्नयेत् ।
मुद्रा मुष्टयभिधाख्याता सर्वविघ्नविनाशिनी॥ इति मुष्टिमुद्रालक्षणम् ।
सारङ्गो मृगस्तन्मुद्रालक्षणं यथा –

दक्षस्यानामिकाङ्गुष्ठ मध्यमाग्राणि योजयेत् ।
शिष्टे द्वे उच्छ्रिते कुर्यान्मृगमुद्रेयमीरिता॥ इति
मुष्टीकरौ विधाय द्वौ वामस्योपरि दक्षिणम् ।

एक एक पद बना लें । फिर मूल मन्त्र से व्यापक न्यास कर भगवान् शंकर का ध्यान करना चाहिए ॥ १६-१८ ॥

विमर्श - एकादश पदन्यास । यथा - १. त्र्यम्बकं शिरसि, २. यजामहे भ्रुवोः ३. सुगन्धिं नेत्रयोः, ४. पुष्टिवर्धनम् मुखे, ५. उर्वारुकं गण्डयोः, ६. इव हृदये, ७, बन्धनात् जठरे, ८. मृत्योः लिङ्गे, ९. मुक्षीय उर्वोः, १०. मा जान्वोः, ११. अमृतात् पादयोः ॥ १६-१८ ॥

अब भगवान् शंकर द्वारा उपयोग में लाये गये हाथों का वर्णन करते हुए ध्यान कहते हैं - अपने अङ्कस्थ दो करों में अमृत कुम्भ धारण किए हुये, उसके ऊपर वाले दो हाथों से उस अमृत कुम्भ से सुधामय जल निकालते हुये, उसके ऊपर के दोनों हाथों से उस अमृत जल को शिर पर अभिषिक्त करते हुये, शेष दो हाथों में क्रमशः मृग और अक्षमाला धारण किए हुये, शिरःस्थित चन्द्रमण्डल से स्रवित अमृत धारा से अपने शरीर को आप्लावित करते हुये, पार्वती सहित त्रिनेत्र सदाशिव मृत्युञ्जय का मैं ध्यान करता हूँ ॥ १९ ॥

मुष्टिसारङ्गशक्त्याख्या लिङ्गपञ्चमुखाभिधाः ।
मुद्राः प्रदर्श्य प्रजपेल्लक्षं तस्य दशांशतः ॥ २० ॥
दशद्रव्यैः प्रजुहुयात्तानि बिल्वफलं तिलाः ।
पायसं सर्पिषा दुग्धं दधिदूर्वा च सप्तमी ॥ २१ ॥
बटात्पलाशात् खदिरात्समिधो मधुरप्लुताः ।
वामादिशक्तिसंयुक्ते पीठे शैवे यजेच्छिवम् ॥ २२ ॥

कृत्वा शिरसि युञ्जीत शक्तिमुद्रेयमीरिता ॥ इति शक्तिमुद्रालक्षणम् ।

उच्छ्रितं दक्षिणाङ्गुष्ठे वामाङ्गुष्ठेन बन्धयेत् ।
वामाङ्गुलीर्दक्षिणाभिरङ्गुलीभिश्च बन्धयेत् ।
लिङ्गमुद्रेयमाख्याता शिवसान्निध्यकारिणी ॥ इति लिङ्गमुद्रा ।
मणिबन्धकरौ युक्तावङ्गुल्यग्राणि मेलयेत् ।
मुद्रापञ्चमुखाख्येयं दर्शिताशिवतोषिणी ॥

इति पञ्चमुखमुद्रालक्षणम् ॥ २० ॥ दशद्रव्याण्याह – **बिल्वेति** ॥ २१ ॥ पीठशक्तीराह – **वामेति** ॥ २२-२४ ॥

मुष्टि, सारङ्ग, शक्ति, लिङ्ग, एवं पञ्चमुख मुद्रायें प्रदर्शित कर एक लाख की संख्या में इस मन्त्र का जप करना चाहिए ॥ २० ॥

विमर्श - मुष्टि मुद्रा - दाहिने हाथ की हथेली से मुष्टिका बना कर ऊपर की ओर प्रदर्शित करने से मुष्टि मुद्रा बनती है । यह मुद्रा सभी विघ्नों का विनाश करने वाली कही गई है ।

मृगमुद्रा - दहिने हाथ की अनामिका और अँगूठे को मिलाकर उस पर मध्यमा को भी रक्खे। शेष दो उँगलियों को ऊपर की ओर सीधा खड़ा करे। यह मृग मुद्रा है।

शक्ति मुद्रा - दोनों हाथों से मुट्ठी बना कर बाँये हाथ की मुट्ठी के ऊपर दाहिने हाथ की मुट्ठी को रख कर शिर के ऊपर संयोजन करने से शक्ति मुद्रा निष्पन्न होती है ।

लिङ्गमुद्रा - दाहिने हाथ के अँगूठे को ऊपर उठाकर उसे बायें अँगूठे से बाँधे । उसके बाद दोनों हाथों की उँगलियों को परस्पर बाँधे । यह शिवसान्निध्यकारक लिङ्गमुद्रा है ।

पञ्चमुखमुद्रा - दोनों हाथों के मणिबन्धों को मिलाकर आगे की अंगुलियों को परस्पर मिलाना चाहिए । शिव को संतुष्ट करने वाली यह पञ्चमुख मुद्रा कही गई है ॥ २० ॥

जप करने के बाद दश द्रव्यों से दशांश होम करना चाहिए । १. बिल्वफल, २. तिल, ३. खीर, ४. घी, ५. दूध, ६. दही, ७. दूर्वा, ८. वट की समिधा, ९.

वामा ज्येष्ठा तथा रौद्रीकाली प्रोक्ता चतुर्थिका ।
कलादिका विकारिणी बलाद्याविकरण्यपि ॥ २३ ॥
बलप्रमथनी चान्या सर्वभूतदमन्यपि ।
मनोन्मनीति शर्वस्य नवोक्ताः पीठशक्तयः ॥ २४ ॥
तारो नमो भगवते सकलेति पदं ततः ।
गुणात्मशक्तियुक्ताय अनन्ताय वदेत्पदम् ॥ २५ ॥
योगापीठात्मने पीठमन्त्रः प्रोक्तो नमोन्तिकः ।
पीठे पुष्पाञ्जलिं दत्त्वा मूर्तिमूलेन कल्पयेत् ॥ २६ ॥

आसनमन्त्रमाह – तार इति । ॐ नमो भगवते सकलगुणात्म–शक्तियुक्ताय अनन्ताय योगपीठात्मने नम इति ॥ २५-२६ ॥

पलाश की समिधा एवं १०. खैर की समिधायें दश द्रव्य कहे गये हैं । इन तीनों समिधाओं को घी, शहद और शक्कर में डुबोकर होम करना चाहिए ॥ २१-२२ ॥

अब **पीठ शक्तियाँ** कहते हैं - वामादि शक्तियों के साथ शैव पीठ पर शिव का पूजन करना चाहिए । १. वामा, २. ज्येष्ठा, ३. रौद्री, तथा ४. काली चौथी शक्ति कही गई है । इसके बाद ५. कलविकरणी, ६. बलविकरणी, ७. बलप्रमथनी, ८. सर्वभूतदमनी और ९. मनोन्मनी - ये शिव की ९ शक्तियाँ कही गई हैं ॥ २२-२४ ॥

मृत्युञ्जयपूजनयन्त्रम्



तार (ॐ), फिर 'नमो भगवते सकल', फिर 'गुणात्मशक्ति-युक्ताय अनन्ताय' पद, फिर 'योगपीठात्मने' पद और 'नमः' इस मन्त्र से पीठ पर पुष्पाञ्जलि देकर मूल मन्त्र से मूर्ति की कल्पना करे यह पीठ मन्त्र कहा गया है ॥ २५-२६॥

विमर्श - पीठपूजा विधि - वृत्ताकार कर्णिका अष्टदल फिर भूपुर लिख कर यन्त्र बनाना चाहिए । उसी पर महामृत्युञ्जय भगवान् का पूजन करना चाहिए । सर्वप्रथम (१६. १९ में वर्णित) भगवान् मृत्युञ्जय के स्वरूप का ध्यान कर, मानसोपचार से पूजन कर, उनके लिए विधिवत् अर्घ्य स्थापित कर पीठदेवताओं का पीठ के मध्य में इस प्रकार पूजन करना चाहिए - ॐ आधारशक्त्यै नमः, ॐ प्रकृत्यै नमः, ॐ कूर्माय नमः,

दशावरणपूजाप्रकारः

पाद्यादिकुसुमान्तोपचारान्ते त्वावृतीर्यजेत् ।
ईशानं शम्भुकोणे तु यजेदीशानमन्त्रतः ॥ २७ ॥

आवरणपूजाप्रकारमाह – पाद्यादीति । पाद्यार्घ्याचमनीयस्नान–वस्त्रोपवीतचन्दनपुष्पाणि दत्त्वावरणपूजां कुर्यात् । तत्रेशानकोणे ईशानः सर्वविद्यानामिति तैत्तिरीयशाखोक्तं मन्त्रं पठित्वेशानं यजेत् ॥ २७ ॥

ॐ शेषाय नमः, ॐ पृथिव्यै नमः, ॐ क्षीरसमुद्राय नमः,
ॐ श्वेतद्वीपाय नमः, ॐ मणिमण्डपाय नमः, ॐ कल्पवृक्षाय नमः,
ॐ मणिवेदिकायै नमः, ॐ रत्नसिंहासनाय नमः,

फिर आग्नेयादि कोणों में धर्म आदि का तथा पूर्वादि दिशाओं में अधर्म आदि का पूजन करना चाहिए । यथा -

ॐ धर्माय नमः, आग्नेये, ॐ ज्ञानाय नमः नैर्ऋत्ये,
ॐ वैराग्याय नमः वायव्ये, ॐ ऐश्वर्याय नमः ऐशान्ये,
ॐ अधर्माय नमः पूर्वे, ॐ अज्ञानाय नमः दक्षिणे,
ॐ अवैराग्याय नमः पश्चिमे, ॐ अनैश्वर्याय नमः उत्तरे ।

पुनः पीठ के मध्य में अनन्त आदि का इस प्रकार पूजन करना चाहिए -
ॐ अनन्ताय नमः, ॐ पद्मनाभाय नमः,
ॐ अं द्वादशकलात्मने सूर्यमण्डलाय नमः,
ॐ उं षोडशकलात्मने सोममण्डलाय नमः, ॐ रं दशकलात्मने वह्निमण्डलाय नमः,
ॐ सं सत्त्वाय नमः, ॐ रं रजसे नमः, ॐ तं तमसे नमः,
ॐ आं आत्मने नमः, ॐ पं परमात्मने नमः, ॐ ह्रीं ज्ञानात्मने नमः ।

तत्पश्चात् केशरों में पूर्वादि ८ दिशाओं में तथा मध्य मे वामादि शक्तियों की पूजा करनी चाहिए । यथा -

ॐ वामायै नमः, पूर्वे, ॐ ज्येष्ठायै नमः, आग्नेये,
ॐ रौद्र्यै नमः, दक्षिणे, ॐ काल्यै नमः, नैर्ऋत्ये,
ॐ कलविकरण्यै नमः, पश्चिमे, ॐ बलविकरण्यै नमः, वायव्ये,
ॐ बलप्रमथिन्यै नमः, उत्तरे, ॐ सर्वभूतदमन्यै नमः, (पीठमध्ये),

फिर 'ॐ नमो भगवते सकलगुणात्मशक्तियुक्ताय अनन्ताय योगपीठात्मने नमः' इस मन्त्र से आसन देकर, मूल मन्त्र से मूर्ति का ध्यान कर, आवाहनादि उपचारों से पुष्पाञ्जलि पर्यन्त महामृत्युञ्जय का पूजन कर, उनकी अनुज्ञा ले आवरण पूजा प्रारम्भ करनी चाहिए ॥ २२-२६ ॥

पाद्यादि उपचारों से आरम्भ कर पुष्पाञ्जलि समर्पण पर्यन्त मृत्युञ्जय का पूजन करने के बाद आवरण पूजा करनी चाहिए ॥ २७ ॥

तत्पुरुषमघोरं च वामदेवं तृतीयकम् ।
सद्योजातं यजेद्दिक्षु वेदोक्तस्वस्वमन्त्रतः ॥ २८ ॥
ईशानादिसमीपेषु निवृत्त्याद्याः कलाक्रमात् ।
निवृत्तिश्च प्रतिष्ठा च विद्याशान्तिश्चतुर्थ्यपि ॥ २९ ॥
शान्त्यतीता पञ्चमीति ततोऽङ्गानि यजेच्च षट् ।
सूर्येन्दुक्षितितोयाग्निपवनाकाशयज्वनाम् ॥ ३० ॥
मूर्तयोऽष्टौ क्रमात् पूज्यास्तृतीयावरणस्थिताः ।
रमा राकाप्रभाज्योत्स्ना पूर्णोषापूरणीसुधा ॥ ३१ ॥
चतुर्थावरणे पूज्याः शक्तयो धवलप्रभाः ।
विश्वावन्द्यासिता प्रह्वा सारासंध्याशिवानिशा ॥ ३२ ॥
पञ्चमावरणेभ्यर्च्याः शक्तयः श्यामविग्रहाः ।
आर्य्याप्रज्ञाप्रभामेधा शान्तिः कान्तिर्धृतिर्मतिः ॥ ३३ ॥
षष्ठावरणगाह्यष्टौ संपूज्या अरुणप्रभाः ।
धरोमापावनीपद्माशान्ता मोघा जयाऽमला ॥ ३४ ॥

तत्पुरुषाय विद्महे अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यः वामदेवाय नमः सद्योजातं प्रपद्यामि इत्यादिभिश्चतुर्भिर्मन्त्रैस्तत्पुरुषादीन् प्रागादिषु यजेत् । तेषां समीपे स्वनामभिर्निवृत्त्याद्याः कला द्वितीयावरणेऽङ्गानि तृतीये सूर्यादीनां मूर्तीः । सूर्य–

प्रथम आवरण में 'ईशानः सर्वविद्यानाम्०' इस (तैत्तिरीय संहितोक्त) मन्त्र से ईशान कोण में ईशान का, फिर 'तत्पुरुषाय विद्महे०', 'अघोरभ्योथ घोरेभ्यो०', 'वामदेवाय नमः' तथा 'सद्योजातं प्रपद्यामि०' इन वैदिक मन्त्रों से पूर्वादि चारों दिशाओं में क्रमशः तत्पुरुष, अघोर, वामदेव, और सद्योजात का पूजन करना चाहिए ॥ २७-२८ ॥

द्वितीय आवरण में पुनः ईशानादि के समीप में क्रमशः निवृत्ति आदि कलाओं का पूजन करना चाहिए । निवृत्ति, प्रतिष्ठा, विद्या, शान्ति एवं शान्त्यतीता - ये पाँच कलायें हैं । फिर षडङ्गन्यास पूजा करनी चाहिए ॥ २९-३० ॥

सूर्य, चन्द्र, पृथ्वी, जल, अग्नि, पवन, आकाश एवं वायु, **तृतीयावरण** में स्थित इन आठ देवताओं का पूजन करना चाहिए ॥ ३०-३१ ॥

चतुर्थ आवरण में श्वेत आभा वाली रमा, राका, प्रभा, ज्योत्स्ना, पूर्णा, उषा, पूरणी एवं सुधा - इन ८ शक्तियों का पूजन करना चाहिए ॥ ३१-३२ ॥

पञ्चम आवरण में विश्वा, वन्द्या, सिता, प्रह्वा, सारा, सन्ध्या, शिवा एवं निशा - इन श्याम शरीर वाली ८ शक्तियों का पूजन करना चाहिए ॥ ३२-३३ ॥

षष्ठ आवरण में अरुण आभावाली आर्या, प्रज्ञा, प्रभा, मेधा, शान्ति, कान्ति धृति तथा मति - इन ८ शक्तियों का पूजन करना चाहिए ॥ ३३-३४ ॥

दशावरणपूजाप्रकारः

पाद्यादिकुसुमान्तोपचारान्ते त्वावृतीर्यजेत् ।
ईशानं शम्भुकोणे तु यजेदीशानमन्त्रतः ॥ २७ ॥

आवरणपूजाप्रकारमाह – **पाद्यादीति** । पाद्यार्घ्याचमनीयस्नान–वस्त्रोपवीतचन्दनपुष्पाणि दत्त्वावरणपूजां कुर्यात् । तत्रेशानकोणे ईशानः सर्वविद्यानामिति तैत्तिरीयशाखोक्तं मन्त्रं पठित्वेशानं यजेत् ॥ २७ ॥

ॐ शेषाय नमः, ॐ पृथिव्यै नमः, ॐ क्षीरसमुद्राय नमः,
ॐ श्वेतद्वीपाय नमः, ॐ मणिमण्डपाय नमः, ॐ कल्पवृक्षाय नमः,
ॐ मणिवेदिकायै नमः, ॐ रत्नसिंहासनाय नमः,

फिर आग्नेयादि कोणों में धर्म आदि का तथा पूर्वादि दिशाओं में अधर्म आदि का पूजन करना चाहिए । यथा -

ॐ धर्माय नमः, आग्नेये, ॐ ज्ञानाय नमः नैर्ऋत्ये,
ॐ वैराग्याय नमः वायव्ये, ॐ ऐश्वर्याय नमः ऐशान्ये,
ॐ अधर्माय नमः पूर्वे, ॐ अज्ञानाय नमः दक्षिणे,
ॐ अवैराग्याय नमः पश्चिमे, ॐ अनैश्वर्याय नमः उत्तरे ।

पुनः पीठ के मध्य में अनन्त आदि का इस प्रकार पूजन करना चाहिए -
ॐ अनन्ताय नमः, ॐ पद्मनाभाय नमः,
ॐ अं द्वादशकलात्मने सूर्यमण्डलाय नमः,
ॐ उं षोडशकलात्मने सोममण्डलाय नमः, ॐ रं दशकलात्मने वह्निमण्डलाय नमः,
ॐ सं सत्त्वाय नमः, ॐ रं रजसे नमः, ॐ तं तमसे नमः,
ॐ आं आत्मने नमः, ॐ पं परमात्मने नमः, ॐ ह्रीं ज्ञानात्मने नमः ।

तत्पश्चात् केशरों में पूर्वादि ८ दिशाओं में तथा मध्य मे वामादि शक्तियों की पूजा करनी चाहिए । यथा -

ॐ वामायै नमः, पूर्वे, ॐ ज्येष्ठायै नमः, आग्नेये,
ॐ रौद्र्यै नमः, दक्षिणे, ॐ काल्यै नमः, नैर्ऋत्ये,
ॐ कलविकरण्यै नमः, पश्चिमे, ॐ बलविकरण्यै नमः, वायव्ये,
ॐ बलप्रमथिन्यै नमः, उत्तरे, ॐ सर्वभूतदमन्यै नमः, (पीठमध्ये),

फिर 'ॐ नमो भगवते सकलगुणात्मशक्तियुक्ताय अनन्ताय योगपीठात्मने नमः' इस मन्त्र से आसन देकर, मूल मन्त्र से मूर्ति का ध्यान कर, आवाहनादि उपचारों से पुष्पाञ्जलि पर्यन्त महामृत्युञ्जय का पूजन कर, उनकी अनुज्ञा ले आवरण पूजा प्रारम्भ करनी चाहिए ॥ २२-२६ ॥

पाद्यादि उपचारों से आरम्भ कर पुष्पाञ्जलि समर्पण पर्यन्त मृत्युञ्जय का पूजन करने के बाद आवरण पूजा करनी चाहिए ॥ २७ ॥

तत्पुरुषमघोरं च वामदेवं तृतीयकम् ।
सद्योजातं यजेद्दिक्षु वेदोक्तस्वस्वमन्त्रतः ॥ २८ ॥
ईशानादिसमीपेषु निवृत्याद्याः कलाक्रमात् ।
निवृत्तिश्च प्रतिष्ठा च विद्याशान्तिश्चतुर्थ्यपि ॥ २९ ॥
शान्त्यतीता पञ्चवीति ततोऽङ्गानि यजेच्च षट् ।
सूर्येन्दुक्षितितोयाग्निपवनाकाशयज्वनाम् ॥ ३० ॥
मूर्तयोऽष्टौ क्रमात् पूज्यास्तृतीयावरणस्थिताः ।
रमा राकाप्रभाज्योत्स्ना पूर्णोषापूरणीसुधा ॥ ३१ ॥
चतुर्थावरणे पूज्याः शक्तयो धवलप्रभाः ।
विश्वावन्द्यासिता प्रह्वा सारासंध्याशिवानिशा ॥ ३२ ॥
पञ्चमावरणेभ्यर्च्याः शक्तयः श्यामविग्रहाः ।
आर्य्याप्रज्ञाप्रभामेधा शान्तिः कान्तिर्धृतिर्मतिः ॥ ३३ ॥
षष्ठावरणगाह्यष्टौ संपूज्या अरुणप्रभाः ।
धरोमापावनीपद्माशान्ता मोघा जयाऽमला ॥ ३४ ॥

तत्पुरुषाय विद्महे अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यः वामदेवाय नमः सद्योजातं प्रपद्यामि इत्यादिभिश्चतुर्भिर्मन्त्रैस्तत्पुरुषादीन् प्रागादिषु यजेत् । तेषां समीपे स्वनामभिर्निवृत्त्याद्याः कला द्वितीयावरणेऽङ्गानि तृतीये सूर्यादीनां मूर्तीः । सूर्य–

प्रथम आवरण में 'ईशानः सर्वविद्यानाम्०' इस (तैत्तिरीय संहितोक्त) मन्त्र से ईशान कोण में ईशान का, फिर 'तत्पुरुषाय विद्महे०', 'अघोरभ्योथ घोरेभ्यो०', 'वामदेवाय नमः' तथा 'सद्योजातं प्रपद्यामि०' इन वैदिक मन्त्रों से पूर्वादि चारों दिशाओं में क्रमशः तत्पुरुष, अघोर, वामदेव, और सद्योजात का पूजन करना चाहिए ॥ २७-२८ ॥

द्वितीय आवरण में पुनः ईशानादि के समीप में क्रमशः निवृत्ति आदि कलाओं का पूजन करना चाहिए । निवृत्ति, प्रतिष्ठा, विद्या, शान्ति एवं शान्त्यतीता - ये पाँच कलायें हैं । फिर षडङ्गन्यास पूजा करनी चाहिए ॥ २९-३० ॥

सूर्य, चन्द्र, पृथ्वी, जल, अग्नि, पवन, आकाश एवं वायु, **तृतीयावरण** में स्थित इन आठ देवताओं का पूजन करना चाहिए ॥ ३०-३१ ॥

चतुर्थ आवरण में श्वेत आभा वाली रमा, राका, प्रभा, ज्योत्स्ना, पूर्णा, उषा, पूरणी एवं सुधा - इन ८ शक्तियों का पूजन करना चाहिए ॥ ३१-३२ ॥

पञ्चम आवरण में विश्वा, वन्द्या, सिता, प्रह्वा, सारा, सन्ध्या, शिवा एवं निशा - इन श्याम शरीर वाली ८ शक्तियों का पूजन करना चाहिए ॥ ३२-३३ ॥

षष्ठ आवरण में अरुण आभावाली आर्या, प्रज्ञा, प्रभा, मेधा, शान्ति, कान्ति धृति तथा मति - इन ८ शक्तियों का पूजन करना चाहिए ॥ ३३-३४ ॥

सप्तमावृतिगाः पूज्याः शक्तयः काञ्चनप्रभाः ।
अनन्तसूक्ष्मसंज्ञश्च तृतीयस्तु शिवोत्तमः ॥ ३५ ॥
एकनेत्रैकरुद्रौ च त्रिमूर्तिः षष्ठ ईरितः ।
श्रीकण्ठोऽथ शिखण्डी च संपूज्या अष्टमावृतौ ॥ ३६ ॥
उत्तरादियजेत्पश्चादुमां चण्डेश्वरं पुनः ।
नन्दिनं च महाकालं गणेशं वृषभं पुनः ॥ ३७ ॥
यजेद् भृङ्गिरिटिस्कन्दं नवमावरणस्थितान् ।
ब्राह्म्याद्या मातरः पूज्या दशमावरणे ततः ॥ ३८ ॥
इन्द्रादयश्च वज्राद्या एवं सिद्धो भवेन्मनुः ।

मूर्तये नम इत्यादि प्रयोगः। चतुर्थे रमादयः । पञ्चमे विश्वादयः। षष्ठे आर्यादयः। सप्तमेऽधराद्याः । अनन्तादयोऽष्टमे ॥ २८–३६ ॥ नवमे उत्तरदिशामारभ्योमादयः । दशमे मातरः इन्द्रादयश्च । प्रयोगानाह – जन्मभ इति ॥ ३७–३९ ॥

सप्तम आवरण में सोने जैसी आभा वाली धरा, उमा, पावनी, पद्मा, शान्ता, अमोघा, जया तथा अमला - इन आठ शक्तियों का पूजन करना चाहिए ।

फिर अनन्त, सूक्ष्म, शिवोत्तम, एकनेत्र, एकरुद्र, त्रिमूर्ति, श्रीकण्ठ तथा शिखण्डी, का **अष्टम आवरण** में पूजन करना चाहिए ॥ ३४-३६ ॥

फिर **नवम आवरण** में उत्तर आदि दिशाओं के क्रम से उमा एवं चण्डेश्वर का, नन्दि एवं महाकाल का, गणेश एवं वृषभ का, भृङ्गिरिटि एवं स्कन्द का पूजन करना चाहिए ।

तत्पश्चात् **दशम आवरण** में ब्राह्मी आदि अष्ट मातृकाओं का पूजन करना चाहिए । फिर इन्द्रादि दश दिक्पालों का तथा उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार के पूजन से यह मन्त्र सिद्ध होता है ॥ ३७-३९ ॥

विमर्श - आवरण पूजा - सर्वप्रथम कर्णिका के ईशान कोण में 'ॐ ईशानः सर्वविद्यानामीश्वरः सर्वभूतानां ब्रह्माधिपति ब्रह्मणोधिपतिर्ब्रह्माशिवो मे अस्तु सदाशिवोम्' इस वैदिक मन्त्र से **प्रथम आवरण** में ईशान देव का पूजन करना चाहिए ।

फिर पूर्व में - 'ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि । तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्' इस वैदिक मन्त्र से तत्पुरुष का, इसके बाद दक्षिण दिशा में - 'अघोरेभ्यो अथ घोरेभ्यो घोरघोरतरेभ्यः । सर्वेभ्यः सर्वसर्वेभ्यो नमस्ते अस्तु रुद्ररूपेभ्यः' इस वैदिक मन्त्र से अघोर का, तत्पश्चात् 'ॐ वामदेवाय नमो ज्येष्ठाय नमः श्रेष्ठाय नमो रुद्राय नमः कालाय नमः कलविकरणाय नमो बलविकरणाय नमः' इस वैदिक मन्त्र से पश्चिम दिशा में वामदेव का, तदनन्तर 'ॐ सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमः । भवेभवे नातिभवे भवस्य मां भवदेवाय नमः' इस वैदिक मन्त्र से सद्योजात का उत्तर दिशा में

पूजन करना चाहिए । फिर ईशानादि देवों के पास निवृत्ति आदि ५ कलाओं का निम्न मन्त्रों से पूजन करना चाहिए । -

ॐ निवृत्यै नमः, ॐ प्रतिष्ठायै नमः, ॐ विद्यायै नमः,
ॐ शान्त्यै नमः ॐ शान्त्यतीतायै नमः ।

इस प्रकार प्रथम आवरण का पूजन कर **द्वितीयावरण** में षडङ्ग मन्त्रों का आग्नेयादि कोणो में, मध्य में तथा दिशाओं में निम्न मन्त्रों से पूजन करना चाहिए । - ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः त्र्यम्बकं ॐ नमो भगवते रुद्राय शूलपाणये स्वाहा हृदयाय नमः, ॐ ह्रौं ॐ जूं भूर्भुवः स्वः यजामहे ॐ रुद्राय अमृत मूर्तये याजीवय शिरसे स्वाहा, ॐ ह्रौ ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः सुगन्धिं पुष्टिवर्धनं ॐ रुद्राय चन्द्र शिरसे जटिने स्वाहा शिखायै वषट्, ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः उर्वारुकमिव बन्धनात् ॐ रुद्राय त्रिपुरान्तकाय ह्रां ह्रीं कवचाय हुम्, ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः मृत्योर्मुक्षीय ॐ रुद्राय त्रिलोचनाय० नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः मामृतात् ॐ रुद्राय अग्नित्रयाय ज्वल० अस्त्राय फट् ।

फिर **तृतीय आवरण** में अष्टपत्र में पूर्व आदि दिशाओं में नाम मन्त्रों से सूर्य आदि अष्टमूर्तियों का इस प्रकार पूजन करना चाहिए । यथा -

ॐ सूर्यमूर्तये नमः, ॐ चन्द्रमूर्तये नमः, ॐ क्षितिमूर्तये नमः,
ॐ जलमूर्तये नमः, ॐ अग्निमूर्तये नमः, ॐ वायुमूर्तये नमः,
ॐ आकाशमूर्तये नमः, ॐ यज्ञमूर्तये नमः,

चतुर्थ आवरण में पूर्वादि ८ दिशाओं के क्रम से श्वेत आभावाली रमा आदि का निम्न प्रकार से पूजन करना चाहिए । यथा -

ॐ रमायै नमः, ॐ राकायै नमः, ॐ प्रभायै नमः,
ॐ ज्योत्स्नायै नमः, ॐ पूर्णायै नमः, ॐ उषायै नमः,
ॐ पूरण्यै नमः, ॐ सुधायै नमः,

पञ्चम आवरण में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से श्याम वर्ण वाली विश्वा आदि का निम्न मन्त्रों से पूजन करना चाहिए । यथा -

ॐ विश्वायै नमः, ॐ वन्द्यायै नमः, ॐ सितायै नमः,
ॐ प्रस्वायै नमः ॐ सारायै नमः, ॐ सन्ध्यायै नमः,
ॐ शिवायै नमः, ॐ निशायै नमः,

षष्ठ आवरण में पूर्वादि दिशाओं में अरुण आभा वाली आर्या आदि का निम्न मन्त्रों से पूजन करना चाहिए । यथा -

ॐ आर्यायै नमः, ॐ प्रज्ञायै नमः, ॐ प्रभायै नमः,
ॐ मेधायै नमः, ॐ शान्त्यै नमः, ॐ कान्त्यै नमः,
ॐ धृत्यै नमः, ॐ मत्यै नमः

सप्तम आवरण में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से स्वर्ण जैसी आभा वाली धरा आदि की इस प्रकार पूजा करनी चाहिए । यथा -

प्रयोगकथनम्

जन्मभे दशमे तस्मात्पुनश्चैकोनविंशके ॥ ३६ ॥

ॐ धरायै नमः, ॐ उमायै नमः, ॐ पावन्यै नमः,
ॐ पद्मायै नमः, ॐ शान्तायै नमः, ॐ अमोघायै नमः
ॐ जयायै नमः, ॐ अमलायै नमः,

अष्टम आवरण में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से अनन्त आदि ८ रुद्रों की निम्न मन्त्रों से पूजा करनी चाहिए । यथा -

दण्ड लिङ्गं कराब्जैर्वरमथ भुवनं सन्दधानां त्रिनेत्राम् ।
नानाकल्पौघभासां स्मितमुखकमलां सेवितां देवसंघै–
र्मायां राज्ञीं मनोभूशरविकलतनूमाश्रये कालरात्रिम् ॥ ११ ॥
अयुतं प्रजपेन्मन्त्रं दशांशं जुहुयात्तिलैः ।
पयोरुहैर्वा विप्रेन्द्रान् सन्तर्प्य श्रेय आप्नुयात् ॥ १२ ॥

नन्दचन्द्राक्षरैरेकोनविंशत्यर्णैः ॥ १० ॥ ध्यानमाह – **उद्यदिति** । दण्डवरौ दक्षयोः । लिंगभुवने वामयोः । भुवनं ब्रह्माण्डम् । नानाकल्पैर्विभासां विविधाभरणसमूहशोभिताम् । मनोभूशरविकलतनूं कामबाणव्याकुलशरीराम् ॥ ११–१२ ॥

का कवच पर, २६ वर्णों का नेत्र पर तथा शेष १९ वर्णों का अस्त्र पर न्यास करना चाहिए । इस प्रकार न्यास कर लेने के बाद विश्वमाहिनी कालरात्रि महाविद्या का ध्यान करना चाहिए ॥ ८–१० ॥

विमर्श – न्यास विधि - ॐ अंगुष्ठाभ्यां नमः, ऐं तर्जनीभ्यां नमः, ह्रीं मध्यमाभ्यां नमः, क्लीं अनामिकाभ्यां नमः, श्रीं कनिष्ठिकाभ्यां नमः इस प्रकार पाँचों अंगुलियों पर ५ बीज मन्त्रों का न्यास कर हृदयादि षडङ्गन्यास करे । यथा -

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं श्रीं कालेश्वरि सर्वजनमनोहरि सर्वमुखस्तम्भिनि हृदयाय नमः,
सर्वराजवशंकरि सर्वदुष्टनिर्दलनि, सर्वस्त्रीपुरुषाकर्षिणि शिरसे स्वाहा,
बन्दीशृंखलास्त्रोटय त्रोटय सर्वशत्रून् भञ्जय भञ्जय शिखायै वषट्,
द्वेष्टॄन् निर्दलय निर्दलय सर्वस्तम्भयं स्तम्भय कवचाय हुम्,
मोहनास्त्रेण द्वेषिणः उच्चाटय उच्चाटय सर्वं वशं कुरु कुरु स्वाहा नेत्रत्रयाय वौषट्,
देहि देहि सर्वकालरात्रि कामिनि गणेश्वरि नमः अस्त्राय फट् ॥ ८–१० ॥

अब **मायाराज्ञि कालरात्रि का ध्यान** कहते हैं - उदीयमान सूर्य के समान देदीप्यमान आभा वाली बिखरे हुये केशों वाली, काले वस्त्र से आवृत शरीर वाली, हाथों में क्रमशः दण्ड, लिङ्ग, वर तथा भुवनों को धारण करने वाली त्रिनेत्रा, विविधाभरणभूषिता, प्रसन्नमुखकमल वाली, देवगणों से सुसेविता कामबाण से विकल शरीरा मायाराज्ञी कालरात्रि स्वरूपा महाविद्या का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ११ ॥

इस मन्त्र का दश हजार जप करना चाहिए । तिलों से अथवा कमलों से दशांश होम कर श्रेष्ठ ब्राह्मणों को भोजनादि से संतुष्ट करना चाहिए । ऐसा करने से साधक श्रेय प्राप्त करता है ॥ १२ ॥

तां यजेत्कालिकापीठे पूजार्थं यन्त्रमुच्यते।

पूजायन्त्रप्रकारः आवरणदेवताश्च

बिन्दुत्रिकोणषट्कोणवृत्ताष्टदलवृत्तकम् ॥ १३ ॥
कलापत्रं पुनर्वृत्तं त्रिरेखं धरणीगृहम्।
चतुर्द्वारयुतं कृत्वा बिन्दौ देवीमथार्चयेत् ॥ १४ ॥
तद्यन्त्रं विलिखेद् भूर्जे क्षीरद्रोः फलकेऽपि वा।
शान्तयेत्वष्टगन्धेन लेखिन्या चम्पकोत्थया ॥ १५ ॥
कर्चूरागुरुकर्पूररोचनारक्तचन्दनम् ।
कुंकुमं चन्दनं चापि कस्तूरीत्यष्टगन्धकम् ॥ १६ ॥

कालिकापीठे जयादिशक्तियुते । पूजायन्त्रमाह - **बिन्द्विति** ॥ १३ ॥ कलापत्रषोडशदलम् । तिस्रो रेखा यस्य तत् धरणीगृहं चतुष्कोणम् ॥ १४ ॥ कामनाभेदाल्लेखनभेदमाह - **तद्यन्त्रमिति** । क्षीरद्रोः क्षीरवृक्षस्याश्वत्थोदुम्बर-प्लक्षवटान्यतमस्य ॥ १५-१६ ॥

कालिका पीठ पर देवी का पूजन करना चाहिए । अब पूजा के लिये यन्त्र कहता हूँ -

बिन्दु, उसके बाद त्रिकोण, उसके बाद षट्कोण, फिर वृत्त, अष्टदल, तदनन्तर पुनः वृत्त, तत्पश्चात् षोडशदल, पुनः वृत्त और उसके बाद तीन रेखा, जिसमें चार द्वार हों ऐसे चतुष्कोण, को भूपुर से आवृत कर देना चाहिए ॥ १३-१४ ॥

कालरात्रिपूजनयन्त्रम्



ऐसा यन्त्र लिखकर मध्य बिन्दु में देवी का पूजन करना चाहिए। यह यन्त्र भोजपत्र पर अथवा दूध वाले वृक्ष जैसे पीपल, पाकड़, गूलर या बरगद के पत्ते पर बनाना चाहिए । शान्तिक तथा पौष्टिक कर्म के लिये यन्त्र को अष्टगन्ध से तथा चम्पा की कलम द्वारा लिखना चाहिए ॥ १४-१५ ॥

कर्चूर अगुरु, कपूर, गोरोचन, रक्त चन्दन, कुंकुम, श्वेत चन्दन और कस्तूरी यह अष्टगन्ध कहा गया है ॥ १६ ॥

सिन्दूरहिंगुलाभ्यां च वश्याय विलिखेत्सुधीः।
सारसोद्भवलेखिन्या स्तम्भने कोकिलच्छदैः॥ १७॥
हरितालहरिद्राभ्यां मारणे वायसच्छदैः।
धत्तूरभानुनिर्गुण्डीखराश्वमहिषासृजा ॥ १८॥

स्तम्भने कोकिलपक्षैः॥ १७॥ हरितालहरिद्राभ्यामित्यन्वयः। मारणे वायसच्छदैः। धत्तूररसादिभिर्लिखेत् इत्यस्यान्वयः । भानुरर्करसः । खरादीनामसृजा रक्तेन॥ १८॥

वशीकरण के लिये सिन्दूर द्वारा हिंगुल (वनभण्टा) के कमल से लिखना चाहिए तथा स्तम्भन के लिये यह मन्त्र हरताल एवं हल्दी द्वारा कोयल के पंख से लिखना चाहिए। मारणकर्म के लिये धतूर, आक और निर्गुण्डी (सिन्दुवार) के रस में गदहा, घोड़ा तथा महिष के रक्त को मिश्रित कर कौए के पंखों से लिखना चाहिए॥ १७-१८॥

विमर्श - पीठ पूजा - सर्वप्रथम १८. ११ में उल्लिखित कालरात्रि के स्वरूप का ध्यान कर मानसोपचार से उनका पूजन कर अर्घ्य स्थापित करे । फिर पीठ देवताओं का इस प्रकार पूजन करे । यथा - **पीठमध्ये** -

ॐ आधारशक्त्यै नमः ॐ प्रकृत्यै नमः ॐ कूर्माय नमः,
ॐ शेषाय नमः, ॐ पृथिव्यै नमः, ॐ सुधाम्बुधये नमः,
ॐ मणिद्वीपाय नमः, ॐ चिन्तामणिगृहाय नमः,
ॐ श्मशानाय नमः, ॐ पारिजाताय नमः,

तदनन्तर **कर्णिका में** - ॐ रत्नवेदिकायै नमः, चतुर्दिक्षु,
ॐ मुनिभ्यो नमः, ॐ देवेभ्यो नमः, ॐ शिवाभ्यो नमः,
ॐ शिवकर्णिकोपरि नमः, ॐ मणिपीठाय नमः ।

पुनः **चतुष्कोण में और चतुर्दिक्षु में** - ॐ धर्माय नमः, आग्नेये,
ॐ ज्ञानाय नमः, नैर्ऋत्ये ॐ वैराग्याय नमः, वायव्ये,
ॐ ऐश्वर्याय नमः, ऐशान्ये, ॐ अधर्माय नमः, पूर्वे,
ॐ अज्ञानाय नमः, दक्षिणे, ॐ अवैराग्याय नमः, पश्चिमे,
ॐ अनैश्वर्याय नमः, उत्तरे,

इसके बाद **केसरों में** पूर्वादि दिशाओं में तथा मध्य में जयादि शक्तियों की निम्न मन्त्रों से पूजा करनी चाहिए । यथा - ॐ जयायै नमः,
ॐ विजयायै नमः ॐ अजितायै नमः ॐ अपराजितायै नमः,
ॐ नित्यायै नमः ॐ विलासिन्यै नमः ॐ दोग्ध्र्यै नमः
ॐ अघोरायै नमः, ॐ मङ्गलायै नमः ।

इसके बाद 'ह्रीं कालिकायोगपीठात्मने नमः' मन्त्र से आसन देकर मूल मन्त्र से मूर्ति की कल्पना कर ध्यान से ले कर पुष्पाञ्जलि समर्पण पर्यन्त कालरात्रि की विधिवत् पूजाकर उनकी आज्ञा से आवरण पूजा प्रारम्भ करे ॥ १३-१८ ॥

एवं विलिखिते यन्त्रे कुर्यादावरणार्चनम् ।
त्रिकोणे देवतास्तिस्रो वामावर्तेन पूजयेत् ॥ १९ ॥
सम्मोहिनीं मोहिनीं च तृतीयां च विमोहिनीम् ।
षट्सु कोणेषु वह्न्यादिषडङ्गानि ततो यजेत् ॥ २० ॥
वृत्ते स्वराः समभ्यर्च्या मातरोऽष्टौ वसुच्छदे ।
कादिक्षान्ता हलो वृत्ते उर्वश्याद्याः कलादले ॥ २१ ॥
उर्वशीमेनकारम्भाघृताचीमंजुघोषया ।
सहजन्यासुकेशौस्यादष्टमीतु तिलोत्तमा ॥ २२ ॥
गन्धर्वी सिद्धकन्या च किन्नरीनागकन्यका ।
विद्याधरीकिम्पुरुषायक्षिणीति पिशाचिका ॥ २३ ॥
पुनर्वृत्ते यजेन्मन्त्री देवतादशकं यथा ।
मन्त्रादिमं पञ्चबीजं स्वस्वदेवतयायुतम् ॥ २४ ॥
पञ्चबाणान् स्वबीजाद्यानित्युक्त्वा दशदेवताः ।
भूगृहान्तः समभ्यर्च्या अणिमाद्यष्टसिद्धयः ॥ २५ ॥

---

* ॥ १९–२० ॥ स्वरा अं नम इत्यादयः । हलोव्यञ्जनानि कं नम इत्यादीनि । कलादले षोडशपत्रे ॥ २१ ॥ मञ्जुघोषया सह घृताची ॥ २२–२३ ॥ **मन्त्रादिममिति** । मन्त्रादौ वर्तमानं बीजपञ्चकं स्वदेवतायुतं यजेत् । यथा ॐ परमात्मने नमः । ऐं सरस्वत्यै नमः । ह्रीं गौर्यै० । क्लीं कामायै० । श्री रमायै० इति ॥ २४ ॥ **पञ्चेति** । स्वबीजाद्यान् पञ्चबाणान् द्रां द्रावणबाणाय नमः इत्यादि पूर्वोक्तान् । अणिमादय उक्ताः ॥ २५–२६ ॥

उक्त प्रकार से लिखित मन्त्र पर आवरण पूजा इस प्रकार करनी चाहिए । **प्रथम त्रिकोण में** सम्मोहिनी, मोहिनी और विमोहिनी इन ३ देवताओं की वामावर्त से पूजा करनी चाहिए ॥ १९-२० ॥

फिर **षट्कोण में** आग्नेयादि कोणों के क्रम से षडङ्गन्यास वृत्त में अकारादि १६ स्वरों का तथा अष्टदल में ब्राह्मी आदि अष्टमातृकाओं का पुजन करना चाहिए । **द्वितीय वृत्त** में अकार से लेकर क्षकार पर्यन्त ३४ व्यञ्जनो का, पुनः **षोडशदल में** १. उर्वशी, २. मेनका, ३. रम्भा, ४. घृताची, ५. मञ्जुघोषा के साथ ६. सहजनी, ७. सुकेशी और अष्टम ८. तिलोत्तमा, ९. गन्धर्वी, १०. सिद्धकन्या, ११. किन्नरी, १२. नागकन्या, १३. विद्याधरी, १४. किंपुरुषा, १५. यक्षिणी और १६. पिशाचिका का पुजन करना चाहिए ॥ २०-२३ ॥

फिर **तृतीय वृत्त** में ५ बीजों का अपने अपने देवताओं के साथ तथा अपने अपने बीजों के साथ पञ्चबाणों का इस प्रकार कुल १० देवताओं का

भूगृहस्य त्रिरेखासु सम्पूज्या नवदेवताः ।
इच्छाशक्तिः क्रियाशक्तिर्ज्ञानशक्तिरिति त्रयम् ॥ २६ ॥
आद्यरेखागतं पूज्यं द्वितीयायां शिवाजकाः ।
तृतीयायां तु रेखायां सत्त्वमुख्यं गुणत्रयम् ॥ २७ ॥
पूर्वादिषु चतुर्द्वार्षु गणेशं क्षेत्रपालकम् ।
बटुकं योगिनीश्चापि यजेदिन्द्रादिकानपि ॥ २८ ॥
एवं बाह्यार्चनं कृत्वा देवीपार्श्वगताः पुनः ।
देव्यो द्वादश सम्पूज्याः प्रतिदिक्त्रितयं त्रयम् ॥ २९ ॥
मायाद्या कालरात्रिश्च तृतीया वटवासिनी ।
गणेश्वरी च काह्नाख्या व्यापिकालार्कवासिनी ॥ ३० ॥
मायाराज्ञी च मदनप्रिया स्याद्दशमी रतिः ।
लक्ष्मीःकाह्नेश्वरी चेति देव्यो द्वादश कीर्तिताः ॥ ३१ ॥
नैवेद्यान्तार्चनं कृत्वा दद्यान्मद्यादिना बलिम् ।
एवं सम्पूजिता स्वेष्टं कालरात्रिः प्रयच्छति ॥ ३२ ॥

शिवाजका रुद्रविष्णुब्रह्माणः । सत्त्वमुख्यं सत्त्वरजस्तमांसि ॥ २७ ॥ * ॥ २८–३२ ॥

पूजन करना चाहिए ॥ २४-२५ ॥

फिर **भूपुर के भीतर** अणिमादि अष्टसिद्धियों का तथा भूपुर की तीनों रेखाओं मे ९ देवताओं का पूजन करना चाहिए । **पहली रेखा** में इच्छाशक्ति, क्रियाशक्ति और ज्ञानशक्ति का, **दूसरी रेखा** में रुद्र, विष्णु और ब्रह्मदेव का तथा **तीसरी रेखा** में सत्त्व, रज एवं तमो गुण का पूजन करना चाहिए ॥ २५-२७ ॥

फिर मन्त्र के पूर्वादि चारों दिशाओं में क्रमशः गणेश, क्षेत्रपाल, बटुक और योगिनियों का पूजन करना चाहिए । फिर इन्द्रादि दिक्पालों का भी पूजन करना चाहिए । इस रीति से बाह्य पूजा करने के पश्चात् देवी के पास चारों दिशाओ में तीन तीन के क्रम से १२ देवियों का पूजन करना चाहिए ॥ २८-२९ ॥

१. माया, २. कालरात्रि, ३. वटवासिनी, ४. गणेश्वरी, ५. काह्ना, ६.व्यापिका, ७. अलर्कवासिनी, ८. मायाराज्ञी, ९. मदनप्रिया, १०. रति, ११. लक्ष्मी एवं १२. काह्नेश्वरी - ये १२ देवियां है । इन देवियों को नैवेद्य समर्पणान्त पूजन कर अन्त में मद्य आदि की बलि देनी चाहिए । इस रीति से पूजन करने पर कालरात्रि साधक को अभीष्ट फल देती है ॥ ३०-३२ ॥

विमर्श - आवरण पूजा विधि - सर्वप्रथम त्रिकोण में वामावर्त क्रम से सम्मोहिनी आदि का निम्नलिखित रीति से पूजन करना चाहिए । यथा -

ॐ सम्मोहिन्यै नमः, ॐ मोहिन्यै नमः, ॐ विमोहिन्यै नमः

फिर षट्कोण में आग्नेयादि कोणों के क्रम से निम्न मन्त्रों से षडङ्गपूजा करनी चाहिए । यथा

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं श्रीं काल्नेश्वरि सर्वजन मनोहरि सर्वमुखस्तम्भिनि हृदयाय नमः,
सर्वराजवशंकरि सर्वदुष्टनिर्दलिनि सर्वस्त्रीपुरुषाकर्षिणि शिरसे स्वाहा,
बन्दी श्रृखंलास्त्रोटय त्रोटय सर्वशत्रून् भञ्जय भञ्जय शिखायै वषट्,
द्वेष्ट्न् निर्दलय निर्दलय सर्वस्तम्भयं स्तम्भय कवचाय हुम्,
मोहनास्त्रेण द्वेषिणः उच्चाटय उच्चाटय सर्व वशं कुरु कुरु स्वाहा नेत्रत्रयाय वौषट्,
देहि देहि सर्व कालरात्रि कामिनि गणेश्वरि नमः अस्त्राय फट्

तत्पश्चात् वृत्त में १६ स्वरों का पूजन करना चाहिए । यथा -

ॐ अं नमः, ॐ आं नमः, ॐ इं नमः ॐ ईं नमः,
ॐ उं नमः, ॐ ऊं नमः, ॐ एं नमः ॐ ऐं नमः,
ॐ ओं नमः, ॐ औं नमः ॐ अं नमः ॐ अः नमः ।

फिर अष्टदल में ब्राह्मी आदि आठ अष्टमातृकाओं की नाममन्त्रों से पूर्वादि दलों के क्रम से पूजा करनी चाहिए । यथा -

ॐ ब्राह्मयै नमः, ॐ माहेश्वर्यै नमः, ॐ कौमार्यै नमः,
ॐ वैष्णव्यै नमः, ॐ वाराह्यै नमः, ॐ इन्द्राण्यै नमः,
ॐ चामुण्डायै नमः, ॐ महालक्ष्म्यै नमः,

फिर द्वितीय वृत्त में कं नमः, खं नमः इत्यादि मन्त्रों से ककार से ले कर क्षकार पर्यन्त व्यञ्जनों का पूजन कर षोडशदल में उर्वशी आदि का निम्न मन्त्रों से पूजन करना चाहिए । यथा - ॐ उर्वश्यै नमः,

ॐ मेनकायै नमः, ॐ रम्भायै नमः, ॐ घृताच्यै नमः,
ॐ मञ्जुघोषायै नमः, ॐ सहजन्यायै नमः, ॐ सुकेश्यै नमः,
ॐ त्रिलोत्तमायै नमः, ॐ गन्धर्व्यै नमः, ॐ सिद्धकान्यायै नमः,
ॐ किन्नर्यै नमः, ॐ नागकन्यायै नमः, ॐ विद्याधर्यै नमः,
ॐ किं पुरुषायै नमः, ॐ यक्षिण्यै नमः, ॐ पिशाचिकायै नमः,

इसके बाद तृतीय वृत्त में मूलमन्त्र के ५ बीजों में एक एक बीज और उनके एक एक देवता का पूजन करना चाहिए । यथा - ॐ परमात्मने नमः,

ऐं सरस्वत्यै नमः, ह्रीं गौर्यै नमः, क्लीं कामायै नमः,
श्रीं रमायै नमः, द्रां द्रावणबाणय नमः, द्रीं क्षोभणबाणाय नमः,
क्लीं वशीकरणबाणाय नमः, ब्लूं आकर्षणबाणाय नमः, सः उन्मादन बाणाय नमः,

तत्पश्चात् भूपुर के भीतर अणिमा आदि ८ सिद्धियों का पूजन करना चाहिए । यथा - ॐ अणिमायै नमः, ॐ महिमायै नमः,

ॐ लघिमायै नमः, ॐ गरिमायै नमः, ॐ प्राप्त्यै नमः,
ॐ प्राकाम्यायै नमः, ॐ ईशितायै नमः, ॐ वशितायै नमः

वशीकरणांगत्वेन जलौकापूजनम्

शनिवारे तु सन्ध्यायां गच्छेद्रम्यं सरोवरम् ।
हरिद्राक्षतपुष्पैस्तन्मन्त्रेणानेन पूजयेत् ॥ ३३ ॥

वशीकरणमाह – **शनिवार** इत्यादि । हरिद्राक्षतपुष्पैश्च मन्त्रेणानेन पूजयेदित्यन्तेन । स्प्रष्टुरिति शेषः ॥ ३३–३४ ॥

तदनन्तर भूपुर के तीन रेखाओं में क्रमशः प्रथम रेखा से तीन रेखाओं पर तीन-तीन देवताओं का निम्न रीति से पूजन करना चाहिए । यथा -

आद्यरेखा - ॐ इच्छाशक्त्यै नमः, ॐ क्रियाशक्त्यै नमः, ॐ ज्ञानशक्त्यै नमः,
द्वितीयरेखा - ॐ रुद्राय नमः, ॐ विष्णवे नमः, ॐ ब्रह्मणे नमः,
तृतीयरेखा - ॐ सं सत्त्वाय नमः, ॐ रं रजसे नमः, ॐ तं तमसे नमः,

फिर पूर्व आदि चारों दिशाओं मे क्रमशः गणेश, क्षेत्रपाल, बटुक एवं योगिनियों का पूजन करना चाहिए । यथा -

ॐ गं गणपतये नमः, ॐ क्षं क्षेत्रपालाय नमः,
ॐ वं वटुकाय नमः, ॐ यं योगिनीभ्यो नमः,

इसके बाद पूर्व आदि अपनी दिशाओं में सायुध इन्द्रादि का निम्नलिखित मन्त्रों से पूजन करना चाहिए । यथा -

ॐ लं इन्द्राय सायुधाय नमः, ॐ रं अग्नये सायुधाय नमः,
ॐ मं यमाय सायुधाय नमः, ॐ क्षं निर्ऋतये सायुधाय नमः,
ॐ वं वरुणाय सायुधाय नमः ॐ यं वायवे सायुधाय नमः,
ॐ सं सोमाय सायुधाय नमः, ॐ हं ईशानाय सायुधाय नमः,
ॐ आं ब्रह्मणे सायुधाय नमः ॐ ह्रीं अनन्ताय सायुधाय नमः

इस रीति से बाह्य पूजा समाप्त कर देवी के समीप पूर्वादि चारों दिशाओं में तीन तीन के क्रम से १२ देवियों का उनके नाम मन्त्रों से पूजन करना चाहिए । यथा -

पूर्वे - ॐ मायायै नमः, ॐ कालरात्र्यै नमः ॐ वटवासिन्यै नमः,
दक्षिणे - ॐ गणेश्वर्यै नमः, ॐ कास्नायै नमः, ॐ व्यापिकायै नमः,
पश्चिमे - ॐ अलर्कवासिन्यै नमः, ॐ मायाराज्ञ्यै नमः, ॐ मदनप्रियायै नमः,
उत्तरे - ॐ रत्यै नमः ॐ लक्ष्म्यै नमः, ॐ कान्तेश्वर्यै नमः,

इस प्रकार आवरण पूजा के पश्चात् धूप, दीप, नैवेद्यादि से विधिवत् देवी का पूजन कर मद्यादि पदार्थों से उन्हें बलि देनी चाहिए । इस प्रकार के पूजन से कालरात्रि प्रसन्न होकर साधक को अभीष्ट फल देती है ॥ १९-३२ ॥

अब **काम्यप्रयोग** कहते है - सर्वप्रथम वशीकरण का प्रयोग साधक शनिवार

तारो नमो जलौकायै द्वितयं सर्वतः परम् ।
जनं वशं कुरुद्वन्द्वं हुमन्तो मनुरीरितः ॥ ३४ ॥
गृहमागत्य गोत्रायां स्वप्यादेवीं स्मरन्निशि ।
प्रातस्तत्रैव गत्वाथ जलौकाद्वितयं ततः ॥ ३५ ॥
गृहीत्वा तत्प्रशोष्याथ च्छायायां चूर्णयेत्पुनः ।
जलूका चूर्णयुक्तेन कृष्णकार्पाससूत्रतः ॥ ३६ ॥
वार्तं विधाय मुञ्चेत भाजने निर्मिते मृदा ।
कुलालचक्रोत्थितया तत्र तैलं पुनः क्षिपेत् ॥ ३७ ॥
तैलं यन्त्रात्समानीतं भ्रमतो निर्मलं शुचि ।
वारस्त्रीसदनाद् वह्निमानीय ज्वालयेत्तु तम् ॥ ३८ ॥
दारुभिः कोकिलाक्षस्य प्रकुर्यात्तत्र दीपकम् ।
वह्नेःपुरद्वयं क्षोणी पुरयन्त्रे निधापनम् ॥ ३९ ॥
निशारसेन रचिते मध्ये लाजासमन्विते ।
कालरात्रिं ततो दीपे समावाह्य प्रपूजयेत् ॥ ४० ॥

गोत्रायां भूमौ ॥ ३५ ॥ * ॥ ३६–३८ ॥ कोकिलाक्षस्य कुचिलावृक्षस्य । वह्नेः पुरं त्रिकोणम् । तद्द्वयं षट्कोणम् । क्षोणीपुरं चतुरस्रम् ॥ ३९ ॥ भूमिः ग्लौं । वसुसायकवर्णोऽष्टपञ्चाशदर्णः । प्रयोगो यथा – साधकः शनिवासरे संध्याकाले तडागं गत्वा ॐ नमो जलूकायै जलूकायै सर्वजनं वशं कुरु कुरु हुमिति मन्त्रेण हरिद्राक्ताक्षतपुष्पैर्जलं संपूज्य गृहं गत्वा देवीं स्मरन्निशि भूमौ शयीत । प्रातस्तस्मात् सरसो जलौकाद्वयमादाय च्छायाशुष्कं

के दिन सांयकाल किसी रमणीक सरोवर पर जावे । इसके बाद हल्दी, अक्षत एवं पुष्पों से तार (ॐ), फिर 'नमो' पद, फिर दो बार जलौकायै, फिर 'सर्व' पद के बाद 'जनं वशं' कह कर २ बार 'कुरु कुरु', फिर अन्त में हुं, अर्थात् - 'ॐ नमो जलौकायै जलौकायै सर्वजनं वशं कुरु कुरु हुं' इस मन्त्र से सरोवर का पूजन करे ॥ ३३-३४ ॥

फिर घर जा कर रात्रि में देवी का स्मरण करते हुये सो जावे । पुनः प्रातः उसी सरोवर पर जा कर वहाँ से २ जलौका (जोंक) ला कर छाया में सुखा कर उसका चूरा बना लें । इस चूरे को काले कपास की रूई में मिलाकर, बत्ती बना कर, कुम्हार के चाक पर से लाई गई मिट्टी का दीप बनाकर, उसमें वह बत्ती डाल देवे । फिर चलते हुये कोल्हू से निर्मल एवं शुद्ध तेल लाकर उसमें डाल देवे । तत्पश्चात् वेश्या (वारस्त्री) के घर से अग्नि लाकर कुचिला की लकड़ी जलाकर उसी से दीपक को प्रज्वलित करे ॥ ३५-३९ ॥

युक्तामावरणैः पश्चान्नवीनं खर्परं न्यसेत् ।
दीपोत्थपात्रपतितमादद्यात् कज्जलं सुधीः ॥ ४१ ॥
पश्चिमाभिमुखो मन्त्री कज्जलं तत्तु मन्त्रयेत् ।
वक्ष्यमाणेन मनुना शतत्रितय सम्मितम् ॥ ४२ ॥
तारो वाङ्मदनो मायारमाभूमिर्ब्लूं ह्सौः ।
नमः काह्नेश्वरि पदं सर्वान् मोहय मोहय ॥ ४३ ॥

कृत्वा सञ्चूर्ण्य तच्चूर्णयुक्तेन कृष्णकार्पाससूत्रेण वर्तिकां कृत्वा कुलालचक्रानीतमृन्निर्मिते पात्रे तां निधाय भ्रमतस्तैलयन्त्रात्तिलतैलमादाय तत्र निःक्षिपेत् । वेश्यागृहादग्निमानीय कुचिला इति कान्यकुब्जभाषाप्रसिद्धतरोः काष्ठैस्तं प्रज्वाल्य तेन तत्पात्रे दीपं कृत्वा हरिद्रारसकृते त्रिकोणषट्कोण–चतुष्कोणात्मके यन्त्रे मध्ये लाजान् प्रक्षिप्य तदुपरि दीपपात्रं स्थापयित्वा दीपे कालरात्रिमावाह्य सावरणामिष्ट्वा खर्परं दीपोपरि धृत्वाञ्जनं पातयेत् । तदञ्जनमादाय पश्चिमाभिमुखः शतत्रयमनेन मन्त्रेण मन्त्रयेत् ॥ ४०–४२ ॥ मन्त्रो यथा – ॐ ऐं क्लीं ह्रीं श्रीं ग्लौं ब्लूं ह्सौः नमः काह्नेश्वरि सर्वान्

फिर हल्दी के रस से त्रिकोण षट्कोण एवं भूपुर से बने यन्त्र पर बीच में लाजा रखकर उस दीपक को स्थापित कर देना चाहिए । ऐसा कर लेने के बाद उसी दीपक पर कालरात्रि का आवाहन कर आवरण सहित उनकी पूजा करे । फिर दीपक पर नवीन खप्पर रखकर दीपक की ज्योति से उत्पन्न काजल ले कर साधक पश्चिमाभिमुख बैठकर तीन सौ बार उक्त वक्ष्यमाण मन्त्र द्वारा उस काजल को अभिमन्त्रित करे ॥ ३९-४२ ॥

कालरात्रिदीपस्थापनयन्त्रम्



अब **अञ्जनाभिमन्त्रण मन्त्र** कहते हैं -

तार (ॐ), वाग् (ऐं), मदन (क्लीं), माया (ह्रीं), रमा (श्रीं), भूमि (ग्लौं), फिर 'ब्लूं ह्सौः नमः 'काह्नेश्वरि' के बाद 'सर्वान्मोहय मोहय कृष्ण', इसके बाद 'कृष्णवर्णे', फिर 'कृष्णाम्बरसमन्विते सर्वानाकर्षय आकर्षय', फिर 'शीघ्रं वशं' तथा २ बार कुरु कुरु,

कृष्णेऽन्ते कृष्णवर्णे च कृष्णाम्बरसमन्विते ।
सर्वानाकर्षयद्वन्द्वं शीघ्रं वशं कुरुद्वयम् ॥ ४४ ॥
वाग्भवागिरिजाकामश्रीबीजान्तो महामनुः ।
वसुसायकवर्णोऽयमञ्जनस्याभिमन्त्रणे ॥ ४५ ॥
दीपादात्मनि संयोज्य देवतामञ्जनं पुनः ।
भौमवारे समभ्यर्च्य नवनीतेन मर्दयेत् ॥ ४६ ॥
मूलेनाऽष्टोत्तरशतं पुनर्होमं समाचरेत् ।
मधूककुसुमैः साष्टशतं वह्नौ सुसंस्कृते ॥ ४७ ॥
कुमारीं बटुकं नारीं भोजयेन्मधुरान्वितम् ।
तेनाऽञ्जनेन रचितं तिलको मन्त्रिसत्तमः ॥ ४८ ॥
दर्शनादेव वशयेन्नरनारीनरेश्वरान् ।
दुग्धेनादौ प्रदत्तं तन्नराणां वशकारकम् ॥ ४९ ॥
तेन स्पृष्टो नरो नूनं दासः स्रष्टुर्भवेत्सदा ।
वशीकरणमाख्यातं स्तम्भनं प्रोच्यतेऽधुना ॥ ५० ॥

मोहय मोहय कृष्णे कृष्णवर्णे कृष्णाम्बरसमन्विते सर्वानाकर्षय आकर्षय शीघ्रं वशं कुरु कुरु ऐं ह्रीं क्लीं श्रीं इति ॥ ४३–४५ ॥ ततो दीपाद् देवीमात्मनि संयोज्य तत्कज्जलं भौमवारे नवनीतमर्दितं पात्रे संस्थाप्य तदग्रे वह्निं संस्थाप्य संस्कृत्य मधूकपुष्पैरष्टोत्तरशतं मूलेन हुत्वा कुमारी बटुकस्त्रियो भोजयेत् । तदञ्जनकृततिलको जगद्वशयेदित्यादि फलं स्पष्टम् ॥ ४६–५० ॥

फिर वाग् (ऐं), गिरिजा (ह्रीं), काम (क्लीं) एवं उसके अन्त में श्री बीज (श्रीं) लगाने से ५८ अक्षरों का अञ्जनाभिमन्त्रण का महामन्त्र बन जाता है ॥ ४३-४५ ॥

विमर्श - इस **मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - ॐ ऐं क्लीं ह्रीं श्रीं ग्लौं ब्लूं स्त्रौः नमः कालेश्वरि सर्वान्मोहय मोहय कृष्णे कृष्णवर्णे कृष्णाम्बरसमन्विते सर्वानाकर्षय आकर्षय शीघ्रं वशं कुरु कुरु ऐं ह्रीं क्लीं श्रीं ॥ ४३-४५ ॥

इसके पश्चात् दीपक से दीप देवता को अपनी आत्मा में स्थापित कर, मङ्गलवार के दिन पुनः देवी एवं अञ्जन का पूजन कर अञ्जन को मक्खन से मर्दित करना चाहिए । तदनन्तर सुसंस्कृत अग्नि में मूल मन्त्र से १०८ आहुती, फिर मूल मन्त्र से महुआ के फूलों से एक सौ आठ आहुतियों द्वारा होम कर कुमारी, वटुक एवं स्त्रियों को मिष्ठान्न का भोजन कराना चाहिए ॥ ४६-४८ ॥

इस प्रकार निष्पन्न हुये अञ्जन का तिलक लगाकर साधक अपने दृष्टिपात मात्र से नर, नारी किं बहुना राजा को भी वशीभूत कर लेता है । दूध में मिलाकर पिलाने से पीने वाला पुरुष वशीभूत हो जाता है । किं बहुना ऐसा साधक जिसका

स्तम्भनकथनं मन्त्रश्च

हरिद्रारञ्जिते वस्त्रे लिखेद्यन्त्रमिदं शुभम्।
निशागोरोचनाकुष्ठाञ्जनैर्गोमूत्रमर्दितैः ॥ ५१ ॥
लिखेदष्टदलं पद्मं रिपुनामाढ्यकर्णिकम्।
दलेषु विलिखेत्तारद्वयं भूबीजयुग्मकम् ॥ ५२ ॥
चटद्वयं ततो यन्त्रं पीतसूत्रेण वेष्टयेत्।
कोकिलाख्यतरोः सप्तकण्टकैः परिकीलितम् ॥ ५३ ॥
भानुवृक्षदलैः सम्यग्वेष्टितं निःक्षिपेत् पुनः।
वल्मीकरन्ध्रे मेषस्य मूत्रेणोपरि पूरयेत् ॥ ५४ ॥
अश्मानं रन्ध्रवदने निधायाश्मस्थितः सुधीः।
सहस्रं प्रजपेन्मन्त्रं निशाचरदिशामुखः ॥ ५५ ॥
निशया निर्मितैरक्षैः समन्त्रः प्रोच्यतेऽधुना।
प्रणवो गगनक्षोण्यौ चन्द्रदीर्घत्रयान्वितौ ॥ ५६ ॥

स्तम्भनमाह – हरिद्रेति ॥ ५१॥ गगनक्षोण्यौ हलौ । चन्द्रो बिन्दुः । तेन ह्लां ह्लीं ह्लूं इति । अन्तिमः क्षः । भगी एयुतः क्षे । यथा – रवौ हरिद्रारोचनाकुष्ठतगरैर्गोमूत्रपिष्टैर्हरिद्रारञ्जिते वस्त्रेऽष्टदलं कृत्वामुकं स्तंभयेति मध्ये – ॐ ॐ ग्लौं ग्लौं चट चटेति वर्णान् दलेषु च लिखेत् । तद्वस्त्रं

स्पर्श करता है वह पुरुष सदैव उसका दास बना रहता है ॥ ४८-५० ॥

यहाँ तक वशीकरण की विधि कही गई। अब **स्तम्भनमन्त्र** कहा जा रहा है -

कालरात्रिस्तम्भन यन्त्रम्



हल्दी, गोरोचन कूट एवं तगर को गोमूत्र में पीस कर उससे हल्दी में रंगे वस्त्र पर अष्टदल निर्माण करना चाहिए । फिर उसकी कर्णिका में शत्रु का नाम (अमुकं स्तम्भय) तथा दलों में २ बार प्रणव तथा भूबीज (ग्लौं) दो बार और चार दलों में दो बार 'चट' शब्द लिखना चाहिए । फिर उस मन्त्र को पीले वस्त्र से वेष्टित करना चाहिए ॥ ५०-५३ ॥

उसके बाद कुचिला की लकड़ी की सात कीलों से उसे विद्धकर आक के पत्ते में लपेट कर, उस यन्त्र को वल्मीक (बाँबी) में रखकर, उस बाँबी को भेंड़े के मूत्र से भर देना चाहिए । फिर बाँबी के उपर पत्थर रखकर उस पर बैठकर साधक नैर्ऋत्य कोण की ओर मुख कर हरिद्रा से निर्मित माला द्वारा वक्ष्यमाण मन्त्र का

कामाक्षिमायावर्णोन्ते रूपिणीतिपदं ततः ।
सर्वान्ते च मनोहारिण्यन्ते स्तम्भययुग्मकम् ॥ ५७ ॥
रोधयद्वितयं पश्चान्मोहयद्वितयं पुनः ।
दीर्घत्रयाढ्यकामस्य बीजं कामोऽन्तिमो भगी ॥ ५८ ॥
काह्नेश्वरि ततो वर्मत्रयं पञ्चाशदक्षरः ।
प्रोक्तो मन्त्रः प्रजप्तेऽस्मिञ्छत्रूणां स्तम्भनं भवेत् ॥ ५९ ॥

मोहनं तस्य मन्त्रश्च

रवौ हरिद्रामानीय पिष्ट्वा दुग्धेन योषितः ।
तद्रसेन लिखेद् भूर्जे वृत्तमन्तः स्मरान्वितम् ॥ ६० ॥
तद्वृत्तं वेष्टयेत्कामबीजैर्दशभिरादरात् ।
पुनर्वृत्तं प्रकल्प्याथ वेष्टयेदर्कमन्मथैः ॥ ६१ ॥

पीतवस्त्रं सूत्रेण संवेष्ट्य कोकिलतरोः सप्तकण्टकैर्विद्धर्कपत्रैः संवेष्ट्य वल्मीकरन्ध्रे प्रक्षिप्य मेषमूत्रमुपरि सिक्त्वा रन्ध्रोपरि शिलां संस्थाप्य तत्र स्थितोऽमुं मन्त्रं हरिद्रामणिभिः सहस्रं जपेन्नैर्ऋत्याभिमुखः । मन्त्रो यथा – ॐ ह्लां ह्लीं ह्लूं कामाक्षि मायारूपिणि सर्वमनोहारिणि स्तंभय स्तंभय रोधय रोधय मोहय मोहय क्लां क्लीं क्लूं कामाक्षे काह्नेश्वरि हुं हुं हुं इति । एवं कृते रिपुस्तम्भः ॥ ५२–५९ ॥ मोहनमाह – **रवाविति**। अर्कमन्मथैर्द्वादशकामबीजैः।

एक हजार की संख्या में जप करे ॥ ५३-५६ ॥

अब **जप का मन्त्र** कहते हैं - प्रणव (ॐ), चन्द्र एवं दीर्घत्रय सहित गगन एवं क्षोणी (ह्लां ह्लीं ह्लूं), फिर 'कामाक्षिमाया' एवं 'रूपिणि' पद के बाद 'सर्व' एवं 'मनोहारिणि' पद, फिर दो बार 'स्तम्भय', फिर दो बार 'रोधय', फिर दो बार 'मोहय', फिर दीर्घत्रय सहित कामबीज (क्लां क्लीं क्लूं), फिर 'कामा' पद, फिर भगी, अन्तिम (क्षे), फिर काह्नेश्वरि, तदनन्तर अन्त में वर्मत्रय (हुं हुं हुं) लगाने से ५० अक्षरों का (स्तम्भक) जप मन्त्र बनता है । इस मन्त्र का उपर्युक्त संख्या में जप करने से शत्रु का स्तम्भन होता है ॥ ५६-५९ ॥

विमर्श - इस मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ ह्लां ह्लीं ह्लूं कामाक्षि मायारूपिणि सर्वमनोहारिणि स्तम्भय स्तम्भय रोधय रोधय मोहय मोहय क्लां क्लीं क्लूं कामाक्षे काह्नेश्वरि हुं हुं हुम्' ॥ ५६-५९ ॥

अब **मोहन का विधान** कहते है - रविवार के दिन हल्दी ला कर उसे स्त्री के दुध में पीसकर बने रस से भोजपत्र पर एक वृत्त बनाकर उसमें कामबीज लिखना चाहिए । पुनः उस वृत्त को १० कामबीजों से वेष्टित करना चाहिए । इसके बाद उसके ऊपर एक वृत्त बनाकर उसे १२ कामबीज (क्लीं) से वेष्टित करना चाहिए ।

विरच्याथ पुनर्वृत्तं वेष्टयेत्षोडशस्मरैः ।
तस्योपरिष्टात्षट्कोणं कोणेषु मदनान्वितम् ॥ ६२ ॥
वाग्बीजमध्ये तत्सर्वं यन्त्रं मोहनकारकम् ।
उपविश्याथ तद्यन्त्रे दशवर्णं मनुं जपेत् ॥ ६३ ॥
ङेन्तः कामः कामबीजं कामिन्यै कामसम्पुटः ।
ताराद्यो दशवर्णोऽयं मनुर्लोकविमोहनः ॥ ६४ ॥
पञ्चाहं प्रजपेन्मन्त्रं प्रत्यहं क्रुद्धमानसः ।
तद्दशांशं प्रजुहुयात्तिलैराज्यपरिप्लुतैः ॥ ६५ ॥
होमोत्थभस्मना कुर्वंस्तिलकं नरसत्तमः ।
मोहयेदखिलं विश्वं तद्यन्त्रस्यापि धारणात् ॥ ६६ ॥

यथा – रविवारे हरिद्रां नारीदुग्धेन पिष्ट्वा तद्रसेन भूर्जपत्रमध्ये कामबीजयुतं वृत्तं कृत्वा दशकामबीजैः संवेष्ट्य पुनर्वृत्तं कृत्वा द्वादश कामबीजैः संवेष्ट्य पुनर्वृत्तं कृत्वा षोडशकामबीजैः संवेष्ट्योपरि कामबीजयुक् षट्कोणं कृत्वा सर्ववाग्बीजमध्यस्थं कुर्यात् । तदयन्त्रोपरि स्थित्वा पञ्चदिनं प्रत्यहं सहस्रं दशाक्षरं जपेत् ॥ ६०–६३ ॥ मन्त्रो यथा – ॐ कामाय क्लीं क्लीं कामिन्यै क्लीमिति । जपदशांशेन तिलतैलेनैव जुहुयात् । तद्भस्मना तिलकेन तद्यन्त्रधारणेन च विश्वं मोहयेत् ॥ ६४–६६ ॥

फिर उसके ऊपर एक वृत्त और बना कर उसे सोलह कामबीजों से वेष्टित करना चाहिए । पुनः उसके ऊपर षट्कोण लिखकर उसके कोणों में काम बीज (क्लीं) लिखना चाहिए । फिर इस संपूर्ण यन्त्रको वाग्बीज (ऐं) के मध्य में करने से वह यन्त्र मोहन करने वाला हो जाता है ॥ ६०-६३ ॥

कालरात्रिमोहनयन्त्रम्

इसके बाद उस यन्त्र पर बैठकर क्रुद्ध मन से ५ दिन पर्यन्त सहस्र-सहस्र की संख्या में दशाक्षर मन्त्र का जप करे । चतुर्थ्यन्त काम (कामाय) फिर कामबीज (क्लीं) तदनन्तर काम सम्पुटित 'कामिन्यै' पद और प्रारम्भ में तार (ॐ) अर्थात् - 'ॐ कामाय क्लीं क्लीं कामिन्यै क्लीं' यह जगत् को मोहित करने वाला दशाक्षर मन्त्र बनता है ।

आकर्षणं तद्विधिकथनम्

उक्तं मोहनमाकर्षं वक्ष्ये कृष्णाष्टमीदिने ।
भूते वा भूमिजन्मार्कयुक्ते प्रातर्जलान्तरे ॥ ६७ ॥
नाभिदघ्ने स्थितो मूलं सहस्रं सशतं जपेत् ।
ततो गृहं समागत्य तैलाभ्यक्त कलेवरः ॥ ६८ ॥
पीठादावञ्जनैः कृत्वा स्त्र्याकारं वा नराकृतिम् ।
इष्ट्वा लज्जावतीपत्रैः प्रोक्षेत्तन्मूलजै रसैः ॥ ६९ ॥
तदग्रे प्रजपेच्चत्वारिंशदक्षरकं मनुम् ।
तारो नमः कालिकायै सर्वाकर्षपदं ततः ॥ ७० ॥
रतिवायू भौतिकस्थावमुकीमिति वर्णतः ।
आकर्षयद्वयं शीघ्रमानयद्वितयं ततः ॥ ७१ ॥

आकर्षणमाह – **उक्तमिति** । लज्जावती लज्जालुः । स्पर्शमात्रेण यत्पत्राणि संकुचन्ति सा लज्जालुः । रतिवायूणयौ भौतिकस्थौ ऐयुतौ । तेन ण्यै । आकर्षण मनुश्चत्वारिंशदर्णः । प्रयोगश्च – कृष्णाष्टम्यां कृष्णचतुर्दश्यां वा कुजरव्यन्तरयुक्तायां प्रातर्नाभिमात्रे जले स्थित्वा मूलमेकादशशतं प्रजप्य गृहमागत्य शरीरं तैलेनाभ्यज्यपीठेऽञ्जनैर्नराकारयोषिदाकारं वा विलिख्य लज्जा–वतीपत्रैस्तं संपूज्य लज्जावतीमूलरसेन संप्रोक्ष्य तदग्रेऽमुं मन्त्रं षष्ट्याधिकं शतं जपेत् । मन्त्रो यथा – ॐ नमः कालिकायै – सर्वाकर्षण्यै अमुकीमाकर्षय आकर्षय शीघ्रमानय आनय, आं ह्रीं क्रों भद्रकाल्यै नमः इति । ततः

तदनन्तर घृत मिश्रित तिलों से दशांश हवन करना चाहिए । इस प्रकार किये गये भस्म का तिलक लगाकर या उस यन्त्र को धारण कर साधक सारे विश्व को मोहित कर लेता है ॥ ६३-६६ ॥

यहां तक मोहन मन्त्र का विधान कहा गया। अब **आकर्षण का विधान** कहते हैं -

कृष्णपक्ष की अष्टमी या चतुर्दशी को मङ्गल या रविवार का दिन होने पर प्रातः नाभिपर्यन्त जल में खड़े होकर मूलमन्त्र का ११ सौ जप करना चाहिये । फिर घर आ कर शरीर में तेल लगाकर पीठ पर अञ्जन से स्त्री की आकृति अथवा पुरुष की आकृति बनाकर उसकी लज्जावती के पत्तों से पूजा कर उसकी जड़ के रस से उस आकृति का प्रोक्षण करना चाहिए ॥ ६७-६९ ॥

फिर उसके आगे बैठकर वक्ष्यमाण ४४ अक्षरों वाले इस मन्त्र का जप करना चाहिए -

तार (ॐ), फिर 'नमः कालिकायै सर्वोत्कर्ष', उसके आगे भौतिकस्थ रति एवं वायु (ण्यै), फिर अमुकीं, दो बार आकर्षय, उसके बाद पुनः दो बार शीघ्रमानय, फिर पाश (आं), माया (ह्रीं), अंकुश (क्रों), 'भद्रकाल्यै' पद तथा अन्त में हृद

पुस्तक आपके लिए प्रस्तुत

है - http://preetamch.blogspot.com

की टीम ने | अन्य हिंदी पुस्तकों

तथा हिंदी से सम्बंधित सामग्री के

लिए विजिट करना न भूलें

http://preetamch.blogspot.com

हिंदी की एकमात्र वेबसाइट जिस पर हर तरह की

पुस्तकें हिंदी भाषा में उपलब्ध हैं ऑनलाइन पढ़ने तथा

डायरेक्ट डाउनलोड करने के लिए |

एक ही एक वेबसाइट जो आपको देती है आपकी पसंद

की कोई भी पुस्तक को हिंदी में पाने का मौका

आकर्षणं तद्विधिकथनम्

उक्तं मोहनमाकर्षं वक्ष्ये कृष्णाष्टमीदिने ।
भूते वा भूमिजन्मार्कयुक्ते प्रातर्जलान्तरे ॥ ६७ ॥
नाभिदघ्ने स्थितो मूलं सहस्रं सशतं जपेत् ।
ततो गृहं समागत्य तैलाभ्यक्त कलेवरः ॥ ६८ ॥
पीठादावञ्जनैः कृत्वा स्त्र्याकारं वा नराकृतिम् ।
इष्ट्वा लज्जावतीपत्रैः प्रोक्षेत्तन्मूलजै रसैः ॥ ६९ ॥
तदग्रे प्रजपेच्चत्वारिंशदक्षरकं मनुम् ।
तारो नमः कालिकायै सर्वाकर्षपदं ततः ॥ ७० ॥
रतिवायू भौतिकस्थावमुकीमिति वर्णतः ।
आकर्षयद्वयं शीघ्रमानयद्वितयं ततः ॥ ७१ ॥

आकर्षणमाह – **उक्तमिति** । लज्जावती लज्जालुः। स्पर्शमात्रेण यत्पत्राणि संकुचन्ति सा लज्जालुः । रतिवायूणयौ भौतिकस्थौ ऐयुतौ । तेन ण्यै । आकर्षण मनुश्चत्वारिंशदर्णः । प्रयोगश्च – कृष्णाष्टम्यां कृष्णचतुर्दश्यां वा कुजरव्यन्तरयुक्तायां प्रातर्नाभिमात्रे जले स्थित्वा मूलमेकादशशतं प्रजप्य गृहमागत्य शरीरं तैलेनाभ्यज्यपीठेऽञ्जनैर्नराकारयोषिदाकारं वा विलिख्य लज्जा–वतीपत्रैस्तं संपूज्य लज्जावतीमूलरसेन संप्रोक्ष्य तदग्रेऽमुं मन्त्रं षष्ट्याधिकं शतं जपेत् । मन्त्रो यथा – ॐ नमः कालिकायै – सर्वाकर्षण्यै अमुकीमाकर्षय आकर्षय शीघ्रमानय आनय, आं ह्रीं क्रों भद्रकाल्यै नमः इति । ततः

तदनन्तर घृत मिश्रित तिलों से दशांश हवन करना चाहिए । इस प्रकार किये गये भस्म का तिलक लगाकर या उस यन्त्र को धारण कर साधक सारे विश्व को मोहित कर लेता है ॥ ६३-६६ ॥

यहां तक मोहन मन्त्र का विधान कहा गया। अब **आकर्षण का विधान** कहते हैं -

कृष्णपक्ष की अष्टमी या चतुर्दशी को मङ्गल या रविवार का दिन होने पर प्रातः नाभिपर्यन्त जल में खड़े होकर मूलमन्त्र का ११ सौ जप करना चाहिये । फिर घर आ कर शरीर में तेल लगाकर पीठ पर अञ्जन से स्त्री की आकृति अथवा पुरुष की आकृति बनाकर उसकी लज्जावती के पत्तों से पूजा कर उसकी जड़ के रस से उस आकृति का प्रोक्षण करना चाहिए ॥ ६७-६९ ॥

फिर उसके आगे बैठकर वक्ष्यमाण ४४ अक्षरों वाले इस मन्त्र का जप करना चाहिए -

तार (ॐ), फिर 'नमः कालिकायै सर्वोत्कर्ष', उसके आगे भौतिकस्थ रति एवं वायु (ण्यै), फिर अमुकीं, दो बार आकर्षय, उसके बाद पुनः दो बार शीघ्रमानय, फिर पाश (आं), माया (ह्रीं), अंकुश (क्रों), 'भद्रकाल्यै' पद तथा अन्त में हृद

पाशोमायांकुशं भद्रकाल्यै हृदयमन्ततः।
चत्वारिंशल्लिपिर्मन्त्रः प्रोक्त आकर्षणक्षमः ॥ ७२ ॥
शतं षष्ट्याधिकं जप्त्वा लोहितैः करवीरजैः।
पञ्चाशत्प्रमितैर्मन्त्री पूजयेल्लिखिताकृतिम् ॥ ७३ ॥
मातृकावर्णमेकैकं तन्नामाकर्षयद्वयम्।
नम इत्यभि सञ्जप्य पुष्पमेकैकमर्पयेत् ॥ ७४ ॥
धूपदीपनिवेद्यानि कृत्वा होमं समाचरेत्।
चणकैराज्यसम्मिश्रैराकर्षमनुना शतम् ॥ ७५ ॥
कृष्णकार्पाससूत्रस्य कुमारीनिर्मितस्य च।
गुणं देहमितं कृत्वा अष्टाविंशति तन्तुभिः ॥ ७६ ॥
आकर्षमनुना दद्याद् ग्रन्थीनष्टोत्तरं शतम्।
तद्दोरके धृते शीघ्रमायाति स्त्रीनरोपि वा ॥ ७७ ॥

पञ्चाशत्करवीरपुष्पैः अं अमुकीम् आकर्षय आकर्षय नमः, आं अमुकीमित्यादि पञ्चाशद्वर्णपूर्वकमेतज्जपस्तमाकारं पूजयेत् ॥ ६७–७४ ॥ धूपदीपनैवेद्यं कृत्वा तदग्रेऽग्निं प्रतिष्ठाप्य तत्राज्याक्तचणकैः शतमधुनोक्त मनुना हुत्वा कुमारीकर्तितेन कृष्णकार्पाससूत्रेणाष्टाविंशति तन्तुनिर्मितं स्वदेहमितं दोरकं कृत्वाकर्षमन्त्रेणाष्टोत्तरशतं ग्रन्थीन् दत्वा तद्धारणान्नर नारीं चाकर्षति, इति ॥ ७५–७८ ॥

(नमः) जोड़ देने से ४४ अक्षरों का आकर्षण मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ७०-७२ ॥

विमर्श - आकर्षण मन्त्र का स्वरूप - ॐ नमः कालिकायै सर्वाकर्षण्यै अमुकीं अमुकं साध्य (स्त्री या पुरुष के नाम में द्वितीयान्त) आकर्षय आकर्षय शीघ्रमानय शीघ्रमानय आं ह्रीं क्रों भद्रकाल्यै नमः ॥ ७०-७२ ॥

इस मन्त्र का एक सौ साठ बार जप कर साधक ५० लाल कनेर के पुष्पों से पूर्वलिखित आकृति का पूजन करे । फिर वर्णमाला के एक-एक अक्षर का उच्चारण करते हुये साध्य का द्वितीयान्त नाम फिर २ बार 'आकर्षय' शब्द तथा अन्त में उसके आगे 'नमः' जोड़ कर बने मन्त्रों से एक एक पुष्प चढ़ाना चाहिए ॥ ७३-७४ ॥

विमर्श - पुष्प चढ़ाने का मन्त्र - ॐ अं अमुकीं अमुकं वा (साध्य स्त्री या पुरुष का द्वितीयान्त नाम) आकर्षय आकर्षय नमः ॐ आं अमुकीं अमुकं वा आकर्षय आकर्षय नमः इत्यादि ॥ ७३-७४ ॥

फिर धूप, दीप, नैवेद्यादि से उस आकृति का पूजन कर आकर्षण मन्त्र से घी मिश्रित चनों की १०० आहुतियाँ प्रदान करनी चाहिए । तत्पश्चात् कुमारी द्वारा काते गये काले सूतों के २८ धागे जिसमें एक एक अपने शरीर की

त्रिरात्राद् ग्राममध्यस्थोन्यदेश्यो नवरात्रतः।
उक्तमाकर्षणमिदमुच्चाटनमथोच्यते ॥ ७८ ॥

उच्चाटनमन्त्रस्तद्विधिकथनं च

शून्यागारे चतुर्दश्यां कृष्णायां कुक्कुटासनः।
यमाशावदनो मुक्तकचो नीलाम्बरावृतः ॥ ७६ ॥
ग्रन्थिसंयुतया मौञ्ज्या रज्ज्वा मन्त्रमिमं जपेत्।
सहस्रद्वयसंख्यातं शबर्योदेवतां स्मरन् ॥ ८० ॥
तारो भूधरभृग्वर्कसम्वर्ताः क्रिययान्विताः।
प्रत्येकं दीपिकाचन्द्रयुक्ता बीजचतुष्टयम् ॥ ८१ ॥
कालरात्रिमहाध्वांक्षिपदान्तेऽमुकमुच्चरेत् ।
आशूच्चाटय युग्मं तु छिन्धि भिन्धि शुचिप्रिया ॥ ८२ ॥

उच्चाटनमाह – **शून्यात्** । कुक्कुटासनलक्षणनते वक्तव्यम् ॥ ७६–८० ॥ मन्त्रान्तरमाह – तार इति । भूधरो वः । भृगुः सः । अर्को मः । संवर्त क्षः । एते चत्वारः प्रत्येकं क्रियया लकारेण युतास्तथा दीपिकाचन्द्रयुता ऊबिन्दुयुताश्चत्वारि बीजानि । तेन व्लूं स्लूं म्लूं क्ष्लूं ॥ ८१ ॥ शुचिप्रिया स्वाहा ॥ ८२ ॥

लम्बाई के तुल्य हो उसमें आकर्षण मन्त्र से १०८ ग्रन्थि लगानी चाहिए । इस प्रकार के निर्मित गण्डे को धारण करने से अपने गाँव या नगर में रहने वाली स्त्री अथवा पुरुष ३ दिन के भीतर अन्यत्र रहने वाले स्त्री या पुरुष ६ दिन के भीतर शीघ्र आ जाते है ॥ ७५-७८ ॥

यहाँ तक आकर्षण प्रयोग कहा गया । अब **उच्चाटन की विधि** कहता हूँ -

कृष्णपक्ष की चतुर्दशी के दिन किसी निर्जन मकान में दक्षिण की ओर मुख कर शिखा खोले, नीला वस्त्र पहन कर साधक कुक्कुटासन से बैठे । फिर शबरी देवता का स्मरण कर ग्रन्थियुक्त मुञ्ज की रस्सी की माला से वक्ष्यमाण मन्त्र का दो हजार जप करे ॥ ७८-८० ॥

तार (ॐ), फिर क्रमशः भूधर (व), भृगु (स), अर्क (मः), संवर्त (क्ष), इन चारों को प्रत्येक से क्रिया (लकार) से संयुक्त कर, फिर दीपिका (ऊकार) और चन्द्र (बिन्दु) से संयुक्त कर निष्पन्न ४ बीजाक्षरों (व्लूं स्लूं म्लूं क्ष्लूं) के बाद 'कालरात्रि महाध्वांक्षि' पद के बाद, अमुक (साध्य नाम के आगे द्वितीयान्त) फिर दो बार 'आशूच्चाटय' पद, फिर दो बार छिन्धि, फिर भिन्धि, तदनन्तर शुचिप्रिया (स्वाहा), फिर प्रसादबीज (ह्रौं), फिर 'कामाक्षि' पद इसके अन्त में सृणि (क्रों) लगाने से ३६ अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है

प्रासादबीजं कामाक्षिसृण्यन्तो मनुरीरितः।
षट्त्रिंशद्वर्णसंयुक्तः शीघ्रमुच्चाटको रिपोः॥ ८३॥
जपान्ते तद्दशांशेन सर्षपैर्जुहुयान्निशि।
ततः सर्षपपिण्याकैस्तत्तैलोदकसंयुतैः॥ ८४॥
बलिं प्रदद्यात्तेनैव मनुना विशिखो भुवि।
एवं कृते सप्तरात्रं देशाद्दूरं व्रजेदरिः॥ ८५॥

विद्वेषणं तत्प्रयोगश्च

ययो विद्वेषमन्विच्छेत्तयोर्जन्मतरूद्भवम्।
फलकद्वितयं कृत्वा तत्राकारौ तयोर्लिखेत्॥ ८६॥
विषाष्टकेन वालेयीदुग्धाक्तेनाभिधान्वितम्।
तत्स्पृष्ट्वा प्रजपेन्मन्त्रं सहस्रमधियामिनि॥ ८७॥

प्रासादबीजं हौं । सृणिः क्रों ॥ ८३ ॥ प्रयोगो यथा – कृष्णचतुर्दश्यां शून्यगृहं नीलवस्त्रावृतो मुक्तकच्छो मुक्तशिखो दक्षिणामुखः कुक्कुटासनेनोपविश्य ग्रन्थियुक्तया मुञ्जरज्ज्वा निशि सहस्रद्वयममुं मन्त्रं जपेत् । मन्त्रो यथा – ॐ ब्लूं स्लूं म्लूं क्ष्लूं कालरात्रि महाध्वांक्षि अमुकमाशूच्चाटय उच्चाटय छिन्धि छिन्धि भिन्धि स्वाहा हौं कामाक्षि क्रोमिति । ततः शतद्वयमनेनैव मन्त्रेण सर्षपैर्हुत्वा तैलोदकयुतेन सर्षपपिण्याकेन तेन मनुना बलिं दद्यात् ॥ ८४ ॥ एवं सप्ताहं कृते उच्चाटनसिद्धिः ॥ ८५ ॥ विद्वेषणमाह – **ययोरिति** । जन्मतरवो जन्मवृक्षाः । ते उक्ताः ॥ ८६ ॥ विषाष्टकमन्ते वक्ष्यति । बालेयी रासभी । अधियामिनि रात्रौ ॥ ८७ ॥

जो शीघ्र ही शत्रुओं का उच्चाटन कर देता है ॥ ८१-८३ ॥

विमर्श – मन्त्र का स्वरूप - ॐ ब्लूं स्लूं म्लूं क्ष्लूं कालरात्रि महाध्वांक्षि अमुकमाशूच्चाटय आशूच्चाटय छिन्धि, छिन्धि भिन्धि स्वाहा हौं कामाक्षि क्रों ॥ ८१-८३ ॥

जप के बाद रात्रि में सरसों से दशांश होम करना चाहिए । फिर सरसों की खली तथा सरसों के तेल को जल में मिलाकर उक्त मन्त्र से अपनी शिखा खोलकर भूमि में बलि देनी चाहिए । इस क्रिया को ७ रात पर्यन्त लगातार करते रहने से शत्रु देश छोड़कर अन्यत्र भाग जाता है ॥ ८४-८५ ॥

जिन दो व्यक्तियों में विद्वेष कराना हो उनके जन्म नक्षत्र वाले वृक्ष की लकड़ी (द्र० ६. ५२) के दो फलक बना कर उस पर गधी के दूध में विषाष्टक (द्र० २५. ५७) मिलाकर उसी से उन दोनों के नाम सहित आकृति बनानी चाहिए । फिर उनका स्पर्श करते हुये अर्द्धरात्रि में वक्ष्यमाण मन्त्र का एक हजार जप करना चाहिए ॥ ८६-८७ ॥

वियत्पावकमन्विन्दुयुक्ग्लौं खं मनुहंसयुक्।
निद्राग्निमनुबिन्दुस्था भगवत्यन्ते तिदण्डधा ॥ ८८ ॥
रिण्यन्तेऽमुकममुकं शीघ्रं विद्वेषयद्वयम्।
रोधयद्वितयं पश्चाद् भञ्जयद्वितयं रमा ॥ ८९ ॥
मायाराज्ञी चतुर्थ्यन्ता प्रणवं कवचत्रयम्।
पञ्चाशदक्षरो मन्त्रस्तारादिः सर्वसिद्धिदः ॥ ९० ॥
जपान्ते फलकद्वन्द्वं बद्धा रज्ज्वा परस्परम्।
ख रसैरिभगन्धर्वपुच्छरोमसमुत्थया ॥ ९१ ॥
वल्मीकरन्ध्रे निखनेत्पुनस्तावज्जपेन्नरः।
सप्ताहाज्जायते वैरं तयोः प्रीतिमतोरपि ॥ ९२ ॥

मन्त्रमाह – **वियदिति** ॥ पावकमन्विन्दुयुक् रऔबिन्दुयुतं वियत् हः हौं। ग्लौं । इन्दुयुक् मनु सौं हंसः सः तैर्युक्तं खं हं हसौं । अग्निमनुबिन्दुस्था निद्रा भः भ्रौं ॥ ८८॥ रमा श्रीं ॥ ८९॥ कवचं हुं ॥ ९० ॥ सैरिभो महिषः । गन्धर्वोऽश्वः ॥ ९१ ॥ प्रयोगः – प्रीतिमतो द्वयोर्जन्मवृक्षोत्थे फलकद्वये तत्र रासभीक्षीरमर्दितेन विषाष्टकेनोपरि नामयुक्तमाकारद्वयं विलिख्य तत्स्पृष्ट्वा निशि सहस्रममुं मन्त्रं जपेत् । मन्त्रो यथा – ॐ हौं ग्लौं हुं हसौं भ्रौं भगवति दण्डधारिणि अमुकममुकं

पावक (र), मनु (औ), इन्दु (बिन्दु) सहित वियत् (ह), इस प्रकार (ह्रौं), फिर ग्लौ, फिर खं (ह), फिर इन्दु एवं मनु सहित हंस (सौं), अर्थात् हसौं, फिर अग्नि, मनु एवं बिन्दुसहित निद्रा (भ्रौ), फिर 'भगव' पद के बाद 'तिदण्डधारिणी' पद, फिर अमुकममुकं (साध्य नाम का द्वितीयान्त), फिर शीघ्रं, फिर दो बार 'विद्वेषय', फिर दो बार 'रोधय', फिर २ बार 'भञ्जय', फिर रमा (श्रीं), माया (ह्रीं), फिर चतुर्थ्यन्त राज्ञी (राज्ञ्यै), प्रणव (ॐ) और इसके अन्त में ३ बार कवच (हुं), और इस मन्त्र के प्रारम्भ में तार (ॐ) लगाने से ५० अक्षरों का सर्वसिद्धिदायक मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ८८-९० ॥

विमर्श - विद्वेषण मन्त्र का स्वरूप - ॐ हौं ग्लौं हसौं भ्रौं भगवति दण्डधारिणि अमुकममुकं शीघ्रं विद्वेषय विद्वेषय रोधय रोधय भञ्जय भञ्जय श्रीं ह्रीं राज्ञ्यै ॐ हुं हुं हुं ॥ ८८-९० ॥

जप करने के बाद उन दोनों फलकों को गदहा, भैंस, तथा घोड़े की पूँछ के बालों से बनी रस्सी बाँधकर बाँबी के भीतर गाड़कर एक हजार की संख्या में जप करना चाहिऐ । ऐसा करने से उन दोनो मे परस्पर प्रेम नष्ट होकर आपस में शत्रुता हो जाती है ॥ ९१-९२ ॥

मारणमन्त्रः पुत्तलीकरणविधिश्च

मारणं तु प्रकुर्वीत ब्राह्मणेतरविद्विषि।
तच्छुद्ध्यर्थं जपेन्मूलमन्त्रमष्टोत्तरं शतम्॥ ६३॥
कृष्णाङ्गारचतुर्दश्यां गोपुराद्वा चतुष्पथात्।
श्मशानाद्वा समानीय मृदं तत्र विनिःक्षिपेत्॥ ६४॥
विडङ्गानि हयार्यर्ककुसुमान्यपि मन्त्रवित्।
तन्मृदापुत्तलीं कुर्याच्छ्मशाने निर्जनालये॥ ६५॥
उपविश्य शिखामुक्तो नीलवस्त्रावृतो निशि।
तद्वक्षसि रिपोर्नाम लिखित्वा स्थापयेदसून्॥ ६६॥
श्मशानवाससाच्छाद्य तैलाभ्यक्तामथार्च्चयेत्।
स्नापयेत्पुत्तलीं तां तु खराश्वमहिषासृजा॥ ६७॥
रक्तचन्दनधत्तूरकुसुमान्यर्पयेत्ततः।
मारणाख्येन मनुना कुर्याद्धोमं च पूजनम्॥ ६८॥

शीघ्रं विद्वेषय विद्वेषय रोधय रोधय भञ्जय भञ्जय श्रीं ह्रीं राज्यै ॐ हुं हुं हुं इति । ततः खरमाहिषाश्वपुच्छरोमकृतया रज्ज्वा तत्फलकद्वयं मिथो बद्ध्वा वल्मीकरन्ध्रे निखाय पुनर्मन्त्रं सहस्रं जपेत् । एवं विद्वेषणसिद्धिः ॥ ६२ ॥ मारणमाह – **मारणमिति** । तद्विप्रे निषिद्धम् ॥ ६३–६४ ॥ विडंगं कृमिघ्नम् । हयारिः करवीरः ॥ ६५–६८ ॥

मारण का प्रयोग तभी करना चाहिए जब ब्राह्मणेतर शत्रु हो, ब्राह्मण पर कभी मारण प्रयोग न करे, शास्त्र से निषिद्ध है । मारण प्रयोग करने पर शुद्धि के लिये मूल मन्त्र का एक सौ आठ बार जप करना चाहिए ॥ ६३ ॥

कृष्णपक्ष की चतुर्दशी को जब मङ्गलवार का दिन हो तो गोपुर, चतुष्पथ या श्मशान से मिट्टी ला कर उसमें बायविडङ्ग, कनेर और आक (मन्दार) का फूल मिला कर उससे पुतली का निर्माण करना चाहिए ॥ ६४-६५ ॥

फिर रात्रि के समय श्मशान में अथवा किसी शून्य घर में शिखा खोल कर, नीला वस्त्र पहन कर, बैठ कर पुतली की छाती पर शत्रु का नाम लिख कर, उसमें प्राण प्रतिष्ठा करनी चाहिए । फिर उसको कफन से ढँक कर तैल में डुबो कर उसका पूजन करना चाहिए ॥ ६५-६६ ॥

तदनन्तर उस पुतली को गदहा, घोड़ा, और भैंस के रक्त से स्नान कराना चाहिए । फिर लालचन्दन और धतूरे के फूल चढ़ा कर मारण मन्त्र से होम कर पुनः उसका पूजन करना चाहिए ॥ ६७-६८ ॥

प्रथम **मारण मन्त्र का उद्धार** कहते है - दीर्घत्रय अग्नि (र) और

दीर्घत्रयाग्नि रात्रीशयुक्ता तन्द्रीमृतीश्वरि।
कृं कृत्यन्तेऽमुकं शीघ्रं मारयद्वितयं सृणिः ॥ ९९ ॥
त्रयोविंशत्यक्षराढ्यो ध्रुवादिर्मारणे मनुः।
अनेन मनुना पूजां कृत्वां होमं समाचरेत् ॥ १०० ॥
उग्रासर्षपभल्लातोन्मत्तबीजैः सुमिश्रितैः।
श्मशानाग्नौ शतं साग्रं च्छित्वा तत्प्रतिमा शिरः ॥ १०१ ॥
तदग्नौ प्रदहेन्मन्त्री पूर्णाहुतिमथाचरेत्।
एवं कृते त्रिसप्ताहाद्रिपुः स्यात्सूर्यजातिथिः ॥ १०२ ॥
कर्मस्वेवं विधेष्वादौ भैरवाय बलिं दिशेत्।
माषान्नपलमद्याद्यैरेवं सिद्धिर्भवेद् ध्रुवम् ॥ १०३ ॥

मारणमन्त्रमाह – **दीर्घेति** । तन्द्री मः दीर्घत्रयम् अग्नी रः रात्रीशो बिन्दुस्तैर्युक्तः । तेन म्रां म्रीं म्रूं । सृणिः क्रों ॥ ९९ ॥ ध्रुवादिः प्रणवादिः ॥ १०० ॥ उग्रा वचा । उन्मत्तो धत्तूरः । सूर्यजातिथिर्यमाऽतिथिः स्यात् । म्रियते इत्यर्थः ॥ १०१–१०२ ॥ प्रयोगश्च – कुजवारयुतायां कृष्णचतुर्दश्यां पुरद्वारचतुष्पथश्मशानान्यतमस्मान्मृदमानीय विडंगकरवीरार्कपुष्पयुतां कृत्वा श्मशानस्थो विशिखो नीलवस्त्रो निशितया मृदा पुत्तलीं हृदि तन्नामयुतां कृत्वा प्राणान् प्रतिष्ठाप्य श्मशानवस्त्रेणाच्छाद्य तैलेनाभ्यज्य खराश्वमहिषरुधिरेण संस्नाप्य रक्तचन्दनेन विलिप्य धत्तूरपुष्पैः संपूज्य तदग्रे श्मशानाग्निं संस्थाप्य तदग्नौ वचासर्षपभल्लातकधत्तूरबीजमिश्रितैरष्टोत्तरशतं जुहुयात् मन्त्रेण । यथा – ॐ म्रां म्रीं म्रूं मृतीश्वरि कृं कृत्ये अमुकं शीघ्रमारय क्रों इति । ततः

रात्रीश (बिन्दु) सहित तन्द्री (म्) अर्थात् म्रां म्रीं म्रूं, फिर 'मृतीश्वरि' पद एवं 'कृं कृत्ये' पद के पश्चात् अमुकं (साध्य का द्वितीयान्त नाम), फिर 'शीघ्रं' पद, फिर दो बार 'मारय' पद तथा अन्त में सृणि (क्रों) और मन्त्र के प्रारम्भ में ध्रुव (ॐ) लगाने से २३ अक्षरों का मारण मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ९९-१०० ॥

विमर्श - मारण मन्त्र का स्वरूप - ॐ म्रां, म्रीं म्रूं मृतीश्वरि कृं कृत्ये अमुकं शीघ्रं मारय मारय क्रोम् (२३) ॥ ९४-१०० ॥

इस मन्त्र से पूजन कर वचा, सरसों, भिलावां और धतूरे के बीजों को एक में मिलाकर श्मशानाग्नि में १०१ आहुतियाँ देनी चाहिए । फिर पुतली का शिर काट कर उसी अग्नि में डाल देना चाहिए । तदनन्तर पूर्णाहुति करना चाहिए । २१ दिन पर्यन्त इस क्रिया को निरन्तर करते रहने से शत्रु मर जाता है ॥ १००-१०२ ॥

मारण प्रयोग करने के पहले उड़द से बने पदार्थ, मांस और मद्य आदि की बलि भैरव को देनी चाहिए । ऐसा करने से कार्य निश्चित रूप से सिद्ध हो जाता

यो मन्त्री विदधातीदृक्कर्म तेन प्रयत्नतः।
आत्मावनाय संसेव्यो नरसिंहो हरोऽपि वा ॥ १०४ ॥

अथ चण्डीविधानम्

अथो नवाक्षरं मन्त्रं वक्ष्ये चण्डीप्रवृत्तये।
वाङ्माया मदनो दीर्घालक्ष्मीस्तन्द्री श्रुतीन्दुयुक् ॥ १०५ ॥
डायैसदृग्जलं कूर्मद्वयं झिण्टीशसंयुतम्।
नवाक्षरोऽस्य ऋषयो ब्रह्माविष्णुमहेश्वराः ॥ १०६ ॥
छन्दांस्युक्तानि मुनिभिर्गायत्र्युष्णिगनुष्टुभः।
देव्यः प्रोक्ता महापूर्वाः काली लक्ष्मीः सरस्वती ॥ १०७ ॥
नन्दाशाकम्भरीभीमाः शक्तयोऽस्य मनोः स्मृताः।
स्याद्रक्तदन्तिका दुर्गा भ्रामर्यो बीजसञ्चयः ॥ १०८ ॥

पुत्तलीशिरश्छित्वाऽग्नौ हुत्वा पूर्णाहुतिं कुर्यात् । एवमेकविंशति रात्र्यन्ते रिपुर्म्रियत इति । ततः प्रायश्चित्तं कुर्यात् ॥ १०३–१०४ ॥

सप्तशतीपाठांगभूतं चण्डीमन्त्रमाह – **वागिति** । वाक् ऐं । माया ह्रीं। मदनः क्लीं । दीर्घा लक्ष्मीश्चा । तन्द्री मः श्रुतीन्दुयुग् उबिन्दुयुक्तः मुं ॥ १०५ ॥ डायैस्वरूपम् । सदृग् जलं वि । कूर्मद्वयं च युग्मं झिण्टीश सयुतं एयुतं च्चे ॥ १०६ ॥ महाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वत्यो देवताः ॥ १०७–१०८ ॥

है । जो मान्त्रिक ऐसे कृत्यों का अनुष्ठान करे उसे अपनी रक्षा के लिये भगवान् नृसिंह अथवा शिव की उपासना अवश्य करनी चाहिए ॥ १०३-१०४ ॥

विमर्श – विना गुरु के मारण आदि विनाशकारी प्रयोगों को करने से स्वयं पर आघात हो जाता है । अतः मारणप्रयोग नहीं ही करना चाहिए ॥ ८३-१०४ ॥

अब **चण्डी विधान** कहते हैं - सर्वप्रथम चण्डी के अनुष्ठान में प्रयुक्त होने वाले **नवार्ण मन्त्र का उद्धार** कहता हूँ -

वाक् (ऐं), माया (ह्रीं), मदन (क्लीं), फिर दीर्घालक्ष्मी (चा), श्रुति उकार इन्दु (बिन्दु) सहित तन्द्री (म) अर्थात् (मुं), फिर 'डायै' पद, फिर सदृक्जल (वि), तदनन्तर झिण्टीश सहित कूर्म द्वय (च्चे), यह नर्वाण मन्त्र कहा गया है ॥ १०५-१०६ ॥

विमर्श – मन्त्र का स्वरूप - ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे ॥ १०५-१०६ ॥

अब **विनियोग** कहते है - इस नवार्ण मन्त्र के ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर ऋषि है । गायत्री, उष्णिग् और अनुष्टुप् छन्द मुनियों ने कहा है तथा महाकाली महालक्ष्मी एवं महासरस्वती ये देवियाँ इसकी देवता हैं, नन्दा, शाकम्भरी और

अग्निर्वायुर्भगस्तत्त्वं फलं वेदत्रयोद्भवम् ।
सर्वाभीष्टप्रसिद्ध्यर्थं विनियोग उदाहृतः ॥ १०९ ॥

नवार्णमन्त्रस्य देवतादिकथनम्

ऋषिश्छन्दो दैवतानि शिरो मुखहृदि न्यसेत् ।
शक्तिबीजानि स्तनयोस्तत्त्वानि हृदये पुनः ॥ ११० ॥

सारस्वताद्येकादशन्यासास्तेषां फलानि च

तत एकादशन्यासान् कुर्वीतेष्टफलप्रदान् ।
प्रथमो मातृकान्यासः कार्यः पूर्वोक्तमार्गतः ॥ १११ ॥
कृतेन येन देवस्य सारूप्यं याति मानवः ।
अथ द्वितीयं कुर्वीत न्यासं सारस्वताभिधम् ॥ ११२ ॥

भगः सूर्यः ॥ १०६–११०॥ एकादशन्यासानाह – **तत** इति। पूर्वोक्तमार्गतः प्रथमपटलोक्तविधिना ॥ १११ ॥ सारस्वतन्यासमाह – **अथेति** ॥ ११२ ॥

भीमा इसकी शक्तियाँ है । रक्तदन्तिका, दुर्गा और भ्रामरी बीज है । अग्नि, वायु और सूर्य तत्त्व है । वेदत्रय से उत्पन्न इसका फल है । इस प्रकार सर्वाभीष्ट सिद्धियों का हेतु इसका विनियोग कहा गया है ॥ १०६-१०९ ॥

विमर्श - विनियोग का स्वरूप - अस्य श्रीनवार्णमन्त्रस्य ब्रह्मविष्णुरुद्रा ऋषयः गायत्र्युष्णिगनुष्टुभश्छन्दांसि श्रीमहाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वत्यो देवता नन्दाशाकम्भरीभीमाशक्तयः रक्तदन्तिकादुर्गाभ्रामर्यो बीजानि अग्निवायुसूर्यास्तत्त्वानि ऋग्यजुःसामवेदाध्यानानि सर्वाभीष्टसिद्धये जपे विनियोगः ॥ १०६-१०९ ॥

अब **ऋष्यादिन्यास** कहते हैं - ऋषियों का शिर, छन्दों का मुख तथा देवताओं का हृदय पर, शक्ति और बीज का क्रमशः दोनो स्तन पर तथा तत्त्वों का पुनः हृदय पर न्यास करना चाहिए ॥ ११० ॥

विमर्श - ऋष्यादिन्यास - ब्रह्मविष्णुरुद्रऋषिभ्यो नमः, शिरसि,
गायत्र्युष्णिगनुष्टुप्छन्देभ्यो नमः, मुखे,
महाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वतीदेवताभ्यो नमः, हृदि,
नन्दाशाकम्भरीभीमाशक्तिभ्यो नमः, दक्षिणस्तने,
रक्तदन्तिकादुर्गाभ्रामरीबीजेभ्यो नमः, वामस्तने,
अग्नीवायुसुर्यतत्त्वेभ्यो नमः, हृदि ॥ ११० ॥

एकादशन्यास - (i) **शुद्धमातृकान्यास** - इसके बाद समस्त अभीष्ट फल देने वाले एकादश न्यासों को करना चाहिए । सर्वप्रथम पूर्वोक्त

बीजत्रयं तु मन्त्राद्यं तारादि हृदयान्तिकम्।
क्रमादंगुलिषु न्यस्य कनिष्ठाद्यासु पञ्चसु॥ ११३॥
करयोर्मध्यतः पृष्ठे मणिबन्धे च कूर्परे।
हृदयादिषडङ्गेषु विन्यसेज्जातिसंयुतम्॥ ११४॥
अस्मिन्सारस्वते न्यासे कृते जाड्यं विनश्यति।

त्रैलोक्यविजयकरो मातृगणन्यासः

ततस्तृतीयं कुर्वीत न्यासं मातृगणान्वितम्॥ ११५॥

बीजेति । मन्त्रादिमं बीजत्रयं प्रणवादि नमोन्तं कनिष्ठादिनवस्थानेषु न्यस्य हृदयादिषु जातियुक्तं न्यसेत् । यथा – ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमः कनिष्ठायामित्यादि० । ॐ ऐं ह्रीं क्लीं हृदयाय नम इत्याद्यंगेष्वपि ॥ ११३–११४ ॥ फलमाह – **अस्मिन्निति** ॥ ११५ ॥

मार्ग से मातृकान्यास करना चाहिए जिसके करने से मनुष्य देवसदृश हो जाता है ॥ १११-११२ ॥

विमर्श - ॐ अं नमः शिरसि, ॐ आं नमः मुखे, इत्यादि मातृकान्यास के लिये द्रष्टव्य विधि - १. ८८-६१ पृ० १८ ॥ १११-११२ ॥

(ii) **सारस्वतन्यास** - इसके बाद सारस्वत संज्ञक द्वितीय न्यास करना चाहिए । उसकी विधि इस प्रकार है - मूल मन्त्र के प्रारम्भिक ३ बीजों के प्रारम्भ में प्रणव तथा अन्त में 'नमः' लगाकर कनिष्ठिका आदि पाँच अंगुलियों करतल, करपृष्ठ, मणिबन्ध एवं कोहिनी पर क्रमशः न्यास करना चाहिए । फिर हृदय आदि ६ अंगो पर जाति सहित न्यास करना चाहिए । इस सारस्वत न्यास के करने से जड़ता नष्ट हो जाती है ॥ ११२-११५ ॥

विमर्श - सारस्वतन्यास विधि -ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमः कनिष्ठिकयोः,
ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमः अनामिकयोः,

इसी प्रकार मध्यमा, तर्जनी, अंगुष्ठ, करतल, करपृष्ठ, मणिबन्ध एवं कूर्पर स्थानों में द्विवचन का उहापोह कर न्यास कर लेना चाहिए । पुनः ॐकार सहित तीनों बीजों से हृदयादि स्थानों पर न्यास करना चाहिए । यथा -

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं हृदयाय नमः, ॐ ऐं ह्रीं क्लीं शिरसे स्वाहा,
ॐ ऐं ह्रीं क्लीं शिखायै वषट् ॐ ऐं ह्रीं क्लीं कवचाय हुम्
ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ऐं ह्रीं क्लीं अस्त्राय फट् ॥ ११२-११५॥

(iii) इसके बाद **मातृकागण** संज्ञक तृतीयन्यास करना चाहिए । उसकी विधि इस प्रकार है

मायाबीजादिका ब्राह्मी पूर्वतः पातु मां सदा।
माहेश्वरी तथाग्नेय्यां कौमारी दक्षिणेऽवतु ॥ ११६ ॥
वैष्णवी पातु नैर्ऋत्ये वाराही पश्चिमेऽवतु।
इन्द्राणीपावके कोणे चामुण्डा चोत्तरेऽवतु ॥ ११७ ॥
ऐशाने तु महालक्ष्मीरूर्ध्वं व्योमेश्वारी तथा।
सप्तद्वीपेश्वरी भूमौ रक्षेत्कामेश्वरी तले ॥ ११८ ॥
तृतीयेस्मिन्कृते न्यासे त्रैलोक्यविजयी भवेत्।
न्यासं चतुर्थं कुर्वीत नन्दजादि समन्वितम् ॥ ११९ ॥
नन्दजा पातु पूर्वाङ्गं कमलांकुशमण्डिता।
खड्गपात्रकरा पातु दक्षिणे रक्तदन्तिका ॥ १२० ॥
पृष्ठे शाकम्भरी पातु पुष्पपल्लव संयुता।
धनुर्बाणकरा दुर्गा वामे पातु सदैव माम् ॥ १२१ ॥

मायेति । ह्रीं ब्राह्मी पूर्वतो मां पातु इत्यादि० ॥ ११६–११८ ॥ एतत्फलमाह – **तृतीये** इति । चतुर्थन्यासमाह – **नन्दजेति** ॥ ११९–१२२ ॥

प्रारम्भ में मायाबीज (ह्रीं) लगाकर 'ब्राह्मी पूर्वतः मां पातु' से पूर्व, 'माहेश्वरी आग्नेयां मां पातु' से आग्नेय, 'कौमारी दक्षिणे मां पातु' से दक्षिण, 'वैष्णवी नैर्ऋत्ये मां पातु' से नैर्ऋत्य में, 'वाराही पश्चिमे मां पातु' से पश्चिम में, 'इन्द्राणि वायव्ये मां पातु' से वायव्य में, 'चामुण्डा उत्तरे मां पातु' से उत्तर में, 'महालक्ष्मी ऐशान्ये मां पातु' से ईशान में, 'व्योमेश्वरी ऊर्ध्वं मां पातु' से ऊपर, 'सप्तद्वीपेश्वरी भूमौ मां पातु' से भूमि पर तथा 'कामेश्वरी पाताले मां पातु' से नीचे न्यास करना चाहिए । इस तृतीयन्यास के करने से साधक त्रैलोक्य विजयी हो जाता है ॥ ११५-११८ ॥

विमर्श - इसका न्यास 'ह्रीं ब्रह्मी पूर्वतः मां पातु पूर्वे', 'ह्रीं माहेश्वरी आग्नेयां मां पातु' इत्यादि प्रकार से करना चाहिए ॥ ११५-११८ ॥

(iv) **षड्देवीन्यास** - नन्दजा आदि पदों से युक्त मन्त्रों द्वारा चतुर्थन्यास इस प्रकार करना चाहिए -

'कमलाकुशमण्डिता नन्दजा पूर्वाङ्गं मे पातु' इस मन्त्र से पूर्वाङ्ग पर, 'खड्गपात्रकरा रक्तदन्तिका दक्षिणाङ्गं मे पातु' से दक्षिणाङ्ग पर, 'पुष्पपल्लवसंयुता शाकम्भरी पृष्ठाङ्गं मे पातु' से पृष्ठ पर, 'धनुर्बाणकरा दुर्गा वामाङ्गं मे पातु' से वामाङ्ग पर, 'शिरःपात्रकराभीमा मस्तकादि चरणान्तं मे पातु' से मस्तक से पैरों तक तथा 'चित्रकान्तिभृत् भ्रामरी पादादि मस्तकान्तं मे पातु' से पादादि मस्तक

शिरः पात्रकराभीमा मस्तकाच्चरणावधि।
पादादि मस्तकं यावद् भ्रामरीचित्रकान्तिभृत्॥ १२२॥
तुर्यं न्यासं नरः कुर्याज्जरामृत्यू व्यपोहति।
अथ कुर्वीत ब्रह्माख्यं न्यासं पञ्चममुत्तमम्॥ १२३॥
पादादिनाभिपर्यन्तं ब्रह्मा पातु सनातनः।
नाभेर्विशुद्धिपर्यन्तं पातु नित्यं जनार्दनः॥ १२४॥
विशुद्धेर्ब्रह्मरन्ध्रान्तं पातु रुद्रस्त्रिलोचनः।
हंसः पातुपदद्वन्द्वं वैनतेयः करद्वयम्॥ १२५॥
चक्षुषी वृषभः पातु सर्वांगानि गजाननः।
परापरौ देहभागौ पात्वानन्दमयो हरिः॥ १२६॥
कृतेऽस्मिन् पञ्चमे न्यासे सर्वान्कामानवाप्नुयात्।
षष्ठं न्यासं ततः कुर्यान्महालक्ष्म्यादि संयुतम्॥ १२७॥

फलमाह – **तुर्य्यमिति** । पञ्चमं न्यासमाह – **अथेति** ॥ १२३–१२६ ॥ फलमाह – **कृतेऽस्मिन्निति** ॥ १२७ ॥

पर्यन्त न्यास करना चाहिए । इस चतुर्थन्यास के करने से मनुष्य वृद्धावस्था और मृत्यु से मुक्त हो जाता है ॥ ११९-१२२ ॥

(v) इसके बाद न्यासों में उत्तम **ब्रह्मसंज्ञक** पञ्चमन्यास करना चाहिए। उसकी विधि इस प्रकार है -

'ॐ सनातनः ब्रह्मा पादादिनाभिपर्यन्तं मां पातु' से पैरों से नाभि पर्यन्त, 'ॐ जनार्दनः नाभेर्विशुद्धिपर्यन्तं नित्यं मां पातु' से नाभि से विशुद्धि चक्र पर्यन्त, 'ॐ रुद्रस्त्रिलोचनः विशुद्धेर्ब्रह्मरंध्रान्तं मां पातु' से विशुद्धिचक्र से ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त, 'ॐ हंसः पदद्वंद्वं मे पातु' से दोनों पैरों पर, 'ॐ वैनतेयः करद्वयं मे पातु' से दोनों हाथों पर, 'ॐ वृषभः चक्षुषी मे पातु' से नेत्रों पर, 'ॐ गजाननः सर्वाङ्गानि मे पातु' से सभी अंगों पर और 'ॐ आनन्दमयो हरिः परापरौ देहभागौ मे पातु, से शरीर के दोनों भागों पर न्यास करना चाहिए । इस पञ्चमन्यास को करने से साधक के सभी मनोरथपूर्ण हो जाते हैं ॥ १२३-१२७ ॥

(vi) इसके बाद महालक्ष्मी आदि पद से संयुक्त मन्त्रों द्वारा **षष्ठन्यास** करना चाहिए । उसकी विधि इस प्रकार है -

षष्ठन्यास विधि - 'ॐ अष्टादशभुजान्विता महालक्ष्मी मध्यं मे पातु' - इस मन्त्र से मध्य भाग पर, 'ॐ अष्टभुजोर्जिता सरस्वती ऊर्ध्वं मे पातु' - इस मन्त्र से ऊर्ध्व भाग पर, 'ॐ दशबाहुसमन्विता महाकाली अधः मे पातु' - इस मन्त्र से

मध्यं पातु महालक्ष्मीरष्टादशभुजान्विता।
ऊर्ध्वं सरस्वती पातु भुजैरष्टाभिरूर्जिता ॥ १२८ ॥
अधः पातु महाकाली दशबाहुसमन्विता।
सिंहो हस्तद्वयं पातु परं हंसोक्षियुग्मकम् ॥ १२६ ॥
महिषं दिव्यमारूढो यमः पातु पदद्वयम्।
महेशश्चण्डिकायुक्तः सर्वाङ्गनि ममाऽवतु ॥ १३० ॥
षष्ठेऽस्मिन्विहिते न्यासे सद्‌गतिं प्राप्नुयान्नरः।
मूलाक्षरन्यासरूपं न्यासं कुर्वीत सप्तमम् ॥ १३१ ॥
ब्रह्मरन्ध्रे नेत्रयुग्मे श्रुत्योर्नासिकयोर्मुखे।
पायौ मूलमनोर्वर्णास्ताराद्यान्नमसान्वितान् ॥ १३२ ॥
विन्यसेत्सप्तमे न्यासे कृते रोगक्षयो भवेत्।

अन्यो न्यासास्तेषां फलानि

पायुतो ब्रह्मरन्ध्रान्तं पुनस्तानेव विन्यसेत् ॥ १३३ ॥

षष्ठमाह – **मध्यमिति** । अष्टादशभुजा महालक्ष्मीर्मम मध्यं पात्वित्यादि प्रयोगः ॥ १२८–१३० ॥ सप्तम न्यासमाह – **मूलेति** । ॐ ऐं नमः ब्रह्मरन्ध्रे इत्यादि प्रयोगः ॥ १३१–१३२ ॥ एतन्न्यासफलं रोगक्षयः । पायुमारभ्य ब्रह्मरन्ध्रान्तं वर्णन्यासोऽष्टमः ॥ १३३ ॥

